वर्ष-10, अंक-181
इन्दौर, सोमवार
30 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


### चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। –चाणक्य



# प्रियंका गांधी के हेलीकॉप्टर को लैंड करने से रोका गया

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर कांग्रेस का आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी चंब और रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करने के लिए निर्धारित थे, लेकिन शुक्रवार को उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्या आ गई. कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जांच की मांग की है. कांग्रेस ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर आरोप लगाया कि उसने प्रियंका गांधी के हेलीकॉप्टर को कठुआ जिले के बिलावर निर्वाचन क्षेत्र में लैंड करने में मदद नहीं की और उनके प्रचार को बाधित करने की कोशिश की है. दरअसल, प्रियंका गांधी को जम्मू क्षेत्र के बिलावर और बिश्नाह निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करना था, लेकिन उनका हेलीकॉप्टर वहां लैंड नहीं कर सका. इससे वह पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री डॉ. मनोहर लाल के लिए समर्थन मांगने में असमर्थ रहीं.

### राहुल गांधी भी नहीं कर सके रैली

उधर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी चंब और रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करने के लिए निर्धारित थे, लेकिन शुक्रवार को उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्या आ गई. जम्मू-कश्मीर कांग्रेस समिति (JKPCC) के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, हम प्रशासन से इसको लेकर स्पष्टीकरण मांगते हैं. प्रियंका गांधी की बिलावर रैली को शर्मनाक तरीके से प्रशासन द्वारा बाधित किया गया है. उन्होंने इस घटना की जांच की मांग की और चुनाव आयोग से भी इस मामले की जांच करने का आग्रह किया.

### बीजेपी पर प्रियंका ने साधा निशाना

वहीं, बिश्नाह में रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने इस क्षेत्र को संकट में धकेल दिया है. प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस कश्मीरियों की गरिमा और सम्मान को बहाल करेगी. उन्होंने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने और 150 साल पुरानी 'दरबार मूव' प्रथा को फिर से शुरू करने का वादा किया.

# नेपाल में बाढ़ ने मचाई तबाही 112 लोगों की मौत



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 112 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गये. नेपाल के कई हिस्सों में गुरुवार से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण आपदा अधिकारियों ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है.

नेपाल पुलिस के उप-प्रवक्ता बिश्व अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण नेपाल में अब तक 112 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 34 की मौत काठमांडू घाटी में हुई है. उन्होंने बताया कि बाढ़ में 60 लोग घायल भी हुए हैं. जबकि दर्जनों लोग लापता हैं. उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 79 लोग लापता हैं, जिनमें से 16 काठमांडू घाटी में लापता हैं. उन्होंने बताया कि तीन हजार से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है.

### मंत्रियों की एक आपात बैठक

इस बीच, कार्यवाहक प्रधानमंत्री एवं शहरी विकास मंत्री प्रकाश मान सिंह ने गृहमंत्री, गृह सचिव और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों समेत विभिन्न मंत्रियों की एक आपात बैठक बुलाई है और उन्हें खोज तथा बचाव अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं. सरकार ने नेपाल में सभी स्कूलों को तीन दिन के लिए बंद करने तथा सभी परीक्षाओं को स्थगित करने का आदेश दिया है. बाढ़ के कारण मुख्य विद्युत लाइन बाधित होने की वजह से काठमांडू में पूरे दिन बिजली गुल रही, लेकिन शाम को बिजली आपूर्ति बहाल हो गई. बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण काठमांडू के सभी प्रवेश मार्ग भी अवरुद्ध हो गए हैं. पुलिस ने बताया कि काठमांडू में 226 मकान जलमग्न हो गए हैं और प्रभावित इलाकों में नेपाल पुलिस की ओर से लगभग तीन हजार सुरक्षाकर्मियों की बचाव टीम तैनात की गई है.

## न्यूज़ ब्रीफ

### कठुआ में हुई मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर



**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के गांव में चल रहे सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मार गिराए गए। अब तक सुरक्षाबलों ने दो आंतकी को मार गिराया गया।अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर बिलावर तहसील के कोग-मंडली में मुठभेड़ की वाली जगह से आतंकवादी का शव बरामद किया गया।दूसरे दिन भी तलाशी अभियान चल रहा है। जम्मू कश्मीर में वोटिंग से पहले हिंसा- जम्मू कश्मीर में बिलावर के धनु पैरोल इलाके में शनिवार को आतंकवादी हमले के बाद बनी-बिलावर मार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।अधिकारियों ने कहा कि कठुआ के गांव में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में शनिवार को एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और दो अधिकारी घायल हो गए।

### कठुआ में बिगड़ी कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की तबीयत




**कठुआ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ गई. वह कठुआ में एक रैली को संबोधित करने पहुंचे थे. जहां मंच पर उनकी तबीयत बिगड़ गई. जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ गई. वह कठुआ में एक रैली को संबोधित करने पहुंचे थे. जहां मंच पर उनकी तबीयत बिगड़ गई. इस दौरान खड़गे ने कहा, ये लोग (केंद्र सरकार) कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे.

### पुलिस कांस्टेबल को रौंदा, 10 मीटर तक घसीटकर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के नांगलोई इलाके में हिट-एंड-रन का दर्दनाक मामला सामने आया है, जिसमें दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल है, जिसमें कांस्टेबल सादे कपड़ों में अपनी बाइक से जा रहा है, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार उसे रौंदते हुए निकल जाती है. घटना रविवार तड़के हुई और कांस्टेबल की पहचान संदीप के रूप में हुई है, जो नांगलोई पुलिस स्टेशन में तैनात थे. जानकारी के मुताबिक कांस्टेबल संदीप नागलोई इलाके में डकैती के मामलों में अचानक हुई बढ़ोतरी के कारणों की जांच करने के लिए सिविल ड्रेस में ड्यूटी कर रहे थे. वह अपनी बाइक पर थे, तभी उन्होंने एक वैगनआर कार को नोटिस किया, जिसे लापरवाही से चलाया जा रहा था. उन्होंने ड्राइवर को गाड़ी धीमी करने का इशारा किया. लेकिन उसने गाड़ी नहीं रोकी. तब कांस्टेबल संदीप अपनी बाइक से कार को ओवरटेक करके उसके आगे पहुंचे.

### बीजेपी के फायर ब्रांड टी. राजा सिंह के घर की रेकी करते 2 संदिग्ध गिरफ्तार



**तेलंगाना (एजेंसी)।** तेलंगाना के धूलपेट में गोशामहल से बीजेपी के विधायक राजा सिंह के घर के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. दोनों उनके आवास की रेकी कर रहे थे. राजा सिंह बीजेपी के फायर ब्रांड नेता है, जो अक्सर अपने बयानों से सुर्खियों में रहते हैं. अक्सर सुर्खियों में रहने वाले तेलंगाना के बीजेपी के फायरब्रांड नेता टी राजा सिंह के घर की रेकी करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

# मेरी दिव्यांग बेटियों ने विकलांगता के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया

## सीजेआई ने नई हैंडबुक की लॉन्च, कहा-समावेशी भाषा का हो इस्तेमाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने हाल ही में एक नई हैंडबुक जारी की है, जिसका उद्देश्य विकलांगता के संदर्भ में संवेदनशील और समावेशी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना है। यह हैंडबुक कानूनी समुदाय और आम जनता को यह बताने में मदद करेगी कि विकलांगता के बारे में बात करते समय कौन-सी शब्दावली उपयुक्त है और कौन-सी नहीं। सीजेआई ने कहा कि विकलांगता का जिक्र करते समय कमजोर, अविकसित, अयोग्य, और अपंग जैसे शब्दों से बचना चाहिए। इसके बजाय विकलांगता वाले व्यक्ति शब्द का इस्तेमाल करने की सिफारिश की गई है, जो अधिक समावेशी और सम्मानजनक है। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में पागल, सनकी, और बेवकूफ जैसे शब्दों से भी परहेज करने की सलाह दी है। सीजेआई ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों का भी उल्लेख किया, यह बताते हुए कि उनकी दो दिव्यांग बेटियों ने उन्हें विकलांगता के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया है। हैंडबुक में यह भी सुझाव दिया गया है कि जब भी संभव हो, संबंधित व्यक्ति से पूछें कि वे खुद को किस नाम से कहलवाना पसंद करते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल व्यक्तियों के प्रति सम्मान दर्शाता है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में

# 7 पंजाबी मजदूरों की गोली मारकर हत्या

## कमरे में सो रहे थे सभी श्रमिक



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों ने रविवार को कम से कम सात पंजाबी मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने बताया कि ये मजदूर पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक घर के निर्माण के लिए काम पर रखे गए थे. पीड़ित पंजाब प्रांत के मुल्तान जिले के रहने वाले थे और हमले के समय वे दिन भर की मेहनत के बाद एक कमरे में सो रहे थे. स्वचालित हथियारों से लैस हमलावर परिसर में घुसे और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी. पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने डॉन को बताया, सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया. पीड़ितों की पहचान साजिद, शफीक, फैयाज, इफ्तिखार, सलमान, खालिद और अल्लाह वसिया के रूप में हुई है. किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली, लेकिन पंजगुर के एसएसपी फाजिल शाह बुखारी ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमला है और कहा कि जांच शुरू कर दी गई है.

### पाकिस्तानी पीएम ने मांगी रिपोर्ट

राष्ट्रपति आसिफ जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उस हमले की निंदा की है. प्रधानमंत्री ने बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती से भी रिपोर्ट मांगी. उन्होंने आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हर संभव कदम उठाने का संकल्प भी दोहराया. यह हमला ऐसी घटनाओं की एक सीरीज में से एक है, जिसमें बलूच आतंकवादी पंजाबी श्रमिकों को निशाना बनाते हैं. आतंकवादियों का आरोप है कि पंजाबी बहुल प्रतिष्ठान प्रांत को उसकी खनिज संपदा से वंचित कर रहा है, हालांकि अधिकारियों ने इस आरोप का खंडन किया है.

### हवाई हमलों में 23 लोग मारे गए

**बेरूत ।** दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 65 अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

### सीरिया पर संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमले

**दमिश्क, (एजेंसी)।** अमेरिक के संदिग्ध हवाई जहाजों ने रविवार तड़के इराकी सीमा के पास सीरिया के पूर्वी प्रांत दीर अल-ज़ौर पर हमला किया। लेबनान स्थित अल-मायादीन टीवी

## मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है:बघेल



**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बेटे चैतन्य और बेटी दीप्ति से पुलिसिया पूछताछ को लेकर कहा कि मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जाएगा। इस संबंध में श्री बघेल ने वीडियो जारी कर कैप्शन में लिखा, मैं बहुत सारी बातें मीडिया को बताता नहीं हूं। इसलिए आप लोगों को पता नहीं चल पाता है। मैं जितना अधिक जनता से जुड़े मुद्दे उठाऊंगा, ये लोग मेरे परिवार को प्रताड़ित करेंगे, पहले भी मेरी मां को परेशान किया था। रायपुर में मीडिया से चर्चा में श्री बघेल ने कहा,जब मैं मुख्यमंत्री था, तब हम उदयपुर सम्मेलन में जा रहे थे। इसी एयरपोर्ट में हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। उस दिन मेरा बेटा इडी (प्रवर्तन निदेशालय) कार्यालय में बैठा था। हम आज से निशाने पर नहीं हैं।

### फिलीपीन की राजधानी में आग लगने से 6 लोगों की मौत

**मनीला (एजेंसी)।** फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

विनेश फोगाट ने जीता दिल,

## सड़क पर गंभीर हालत में गिरे 3 युवक को पहुंचाया अस्पताल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट अब कुश्ती के अखाड़े से संन्यास लेकर राजनीति के दंगल में एंट्री ले चुकी हैं।





हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 से पहले उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिए और आगामी चुनाव में वो अपने ससुराल जुलाना से ताल ठोकने के लिए तैयार हैं। विनेश फोगाट लगातार अपने चुनावी क्षेत्र का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर रही हैं। शनिवार को एक वीडियो सामने आया जिसे देखकर फैंस विनेश की जमकर तारीफ कर रहे हैं। शनिवार को विनेश फोगाट जुलाना में चुनाव प्रचार कर रही थीं। जब वो वहां से वापस लौट रहीं थीं तो रास्ते में उन्हें 3 युवक सड़क पर गंभीर हालत में गिरे दिखे। इसके बाद विनेश अपनी गाड़ी रुकवाकर सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवकों के पास पहुंचीं और उनसे बातचीत की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। विनेश फोगाट का काफिला जब जुलाना और मालवी गांव के बीच था तो रास्ते में उन्हें एक बाइक गिरी हुई मिली।

# चांद पर जहां उतरा अपना चंद्रयान-3 वो जगह है बेहद खास, 3.85 अरब वर्ष पुराने क्रेटर की हुई खोज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ने दुनियाभर में भारत की वैज्ञानिक ताकत पर चार चांद लगा दिया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 14 जुलाई, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान-3 लॉन्च किया और इसकी उड़ान ने 140 करोड़ भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। अब लॉन्चिंग के 13 महीने बाद भारत के चंद्रयान- 3 ने चंद्रमा पर बड़ा खोज किया है। वैज्ञानिकों ने शनिवार को कहा कि भारत का चंद्र मिशन चंद्रयान-3 चंद्रमा पर 3.85 अरब साल पुराने गड्ढे में उतर गया है। यह गड्ढा चंद्रमा की सतह पर सबसे पुराने गड्ढों में से एक है। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), अहमदाबाद के वैज्ञानिकों ने कहा कि जिस गड्ढे पर चंद्रयान-3 उतरा, वह लगभग 3.85 अरब साल पहले नेक्टेरियन काल के दौरान बना था।

### जहां उतरा चंद्रयान-3 वो है बेहद खास



भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के शोधकर्ताओं ने बताया कि चंद्रमा जिस 'क्रेटर' पर उतरा है वह 'नेक्टरियन काल' के दौरान बना था। 'नेक्टरियन काल' 3.85 अरब वर्ष पहले का समय है और यह चंद्रमा की सबसे पुरानी समयावधियों में से एक है। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के ग्रह विज्ञान प्रभाग में 'एसोसिएट प्रोफेसर' एस. विजयन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''चंद्रयान-3 जिस स्थल पर उतरा है वह एक अद्वितीय भूगर्भीय स्थान है, जहां कोई अन्य मिशन नहीं पहुंचा है। मिशन के रोवर से प्राप्त चित्र चंद्रमा की ऐसी पहली तस्वीर हैं जो इस अक्षांश पर मौजूद रोवर ने ली हैं। इनसे पता चलता है कि समय के साथ चंद्रमा कैसे विकसित हुआ।''जब कोई तारा किसी ग्रह या चंद्रमा जैसे बड़े पिंड की सतह से टकराता है तो गड्ढा बनता है तथा इससे विस्थापित पदार्थ को 'इजेक्टा' कहा जाता है। चंद्रयान-3 एक ऐसे 'क्रेटर' पर उतरा था - जिसका व्यास लगभग 160 किलोमीटर है और तस्वीरों से इसके लगभग अर्ध-वृत्ताकार संरचना होने का पता चलता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह संभवतः क्रेटर का आधा भाग है और दूसरा आधा भाग दक्षिणी ध्रुव-'ऐटकेन बेसिन' से निकले 'इजेक्टा' के नीचे दब गया होगा। प्रज्ञान को चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह पर उतारा था। बता दें कि चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास 'सॉफ्ट लैंडिंग' की थी। चंद्रयान जिस स्थल पर उतरा था उसका 26 अगस्त 2023 को 'शिव शक्ति पॉइंट' नाम रखा गया था।

## संपादकीय

# सत्ता विरोधी लहर के साथ भीतरी कलह से भी जूझती भाजपा

5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिये विभिन्न राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान अपने चरम पर है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह के अतिरिक्त भाजपा के और भी कई स्टार प्रचारक जहाँ अपनी पूरी ताक़त झोंके हुये हैं वहीँ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व पार्टी के अन्य कई केंद्रीय नेता भी कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभायें व रैलियां कर रहे हैं। दस वर्षों बाद सत्ता में वापसी की पूरी आस लगाये बैठी कांग्रेस को पिछले दिनों पार्टी की भीतरी कलह के बीच उस समय एक संजीवनी मिली जबकि राहुल गाँधी हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं भूपेंद्र सिंह हुड्डा,कुमारी शैलजा और वीरेंद्र सिंह को एक साथ एक मंच पर लाने व पार्टी में एकजुटता का सन्देश देने में सफल रहे। ऐसे में कांग्रेस को जहाँ भाजपा के दस वर्षों के शासनकाल में उपजी सत्ता विरोधी लहर का फ़ायदा मिलने की संभावना है वहीँ उम्मीद है कि पार्टी में गुटबाज़ी के बावजूद नेताओं की एकजुटता का सन्देश भी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेगा। दूसरी तरफ़ भारतीय जनता पार्टी की ओर से पिछले दिनों चुनाव प्रचार के दौरान ही कई ऐसे संकेत मिले जो पार्टी नेताओं के मतभेदों को स्पष्ट रूप से उजागर करने वाले हैं। उदाहरण के तौर पर गत 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र की एक जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर तारीफ़ की। मोदी ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री 24 घंटे हरियाणा के विकास के लिए समर्पित हैं। हरियाणा का जो भी व्यक्ति मिलेगा वह कहता है कि हमारे मुख्यमंत्री विनम्रता के संबंध में हमारे हरियाणा का गौरव बढ़ाते हैं। उनका व्यक्तित्व सहज है व उनमें बहुत सहजता है। भाजपा के कार्यकर्ता के नाते मुझे हरियाणा में बहुत वर्षों तक काम करने का अवसर मिला है। जब मुख्यमंत्री की तारीफ़ करता हूं तो मन गर्व से भर जाता है। इनका विजन और इनकी लग्न बड़े बड़ों से भी बेहतर है। इसी रैली के अगले ही दिन अम्बाला छावनी से छः बार विधायक रहे राज्य के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कहा है कि, आज तक मैंने अपनी पार्टी से कुछ नहीं मांगा। मैं छह बार का विधायक हूं। और अपनी वरिष्ठता की वजह से मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश करता हूं। उन्होंने कहा कि फ़ैसला आलाकमान को करना है। उन्होंने कहा कि यदि मुझे इस बार मुख्यमंत्री बना दिया तो मैं हरियाणा की तक़दीर बदल दूंगा, तस्वीर बदल दूंगा। विज का यह भी दावा है कि उन्होंने अपने छः बार के विधायकी के कार्यकाल में अंबाला छावनी के विकास के लिये जितने काम किये हैं उतने देश के किसी भी विधान सभा क्षेत्र में नहीं किये गये। दरअसल पार्टी का सबसे वरिष्ठ विधायक होने के नाते 2014 में ही राज्य के लोग अनिल विज को मुख्यमंत्री पद के सबसे मज़बूत दावेदार के रूप में देख रहे थे। परन्तु उन्हें नज़रअंदाज़ कर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आर एस एस के मित्र व सहयोगी मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बना दिया। जबकि उस समय तक प्रदेश में खट्टर को कोई जानता भी नहीं था। इसके बाद 2019 में भी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद हेतु पुनः खट्टर को ही चुना। वर्तमान चुनाव में खट्टर को मोदी-शाह का क़रीबी होने के नाते केंद्रीय मंत्री तो ज़रूर बना दिया गया है परन्तु हरियाणा में जिसतरह खट्टर का विरोध हो रहा है उसकी वजह से प्रधानमंत्री की चुनाव सभा सहित कई प्रमुख जनसभाओं से उन्हें दूर भी रखा जा रहा है। क्योंकि किसान आंदोलन के समय खटटर ने मुख्यमंत्री रहते किसानों के विरुद्ध कई ऐसे हिंसा भड़काने वाले बयान दिये थे जोकि किसी मुख्यमंत्री पर शोभा नहीं देते। बहरहाल,बाद में 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर का इस्तीफ़ा लेकर उनके लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता प्रशस्त किया गया। और इसबार भी अनिल विज को मुख्यमंत्री बनाने के बजाये खट्टर के ही क़रीबी नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी गयी।

# श्राद्ध, श्रद्धेय और श्रृद्धा सुमन



श्राद्ध कर्म का वर्णन हमारे धर्म ग्रंथों में वर्णित है। सर्व पितृ अमावस्या के दिन श्राद्ध का समापन होने जा रहा है। श्राद्ध में निहित श्रृद्धा ही हमें श्रृद्धा सुमन अर्पित करने की ओर प्रेरित करती है। श्राद्ध के द्वारा हमारे पितृ प्रसन्न होते है। आज जीवन में जो शायद प्रसन्नता के सुन्दर रंग हमें चहुँ ओर बिखरे दिखाई देते है, वह हमारे पूर्वजों की मेहनत एवं आशीष का ही परिणाम है। उनके पुण्य प्रताप से ही हमें यह स्वस्थ्य काया एवं पुष्पित-पल्लवित माया प्राप्त हुई है। प्रत्येक प्राणी मृत्यु से भयभीत होता है, परन्तु सृष्टि के संतुलन के लिए जन्म और मृत्यु दोनों ही आवश्यक है और यदि मृत्यु न हो तो बस एक का ही साम्राज्य हो जाएगा। मृत्यु ही तो हमें अंत में पीड़ा से मुक्ति प्रदान कर प्रभु के धाम में ले जा सकती है, परन्तु मृत्यु का सत्य कड़वा है। जिसे स्मृति पटल में रखना अत्यंत आवश्यक है। मृत्यु चिंता का विषय नहीं अपितु जीवन के प्रत्येक क्षण को उत्सव बनाने का विषय है और इस जीवन रूपी उत्सव में प्रभु के नाम का स्मरण ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है। आने वाले समय में हमारी पीढ़ी श्राद्ध करेगी या नहीं, यह निश्चित नहीं है, परन्तु हम जीवित रहते हुए ही प्रभु के प्रति श्रृद्धा से स्व-उद्धार का मार्ग खोज सकते है। धुंधुकारी के कृत्य अच्छे नहीं थे पर श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण के पुण्य से ही उसे मुक्ति प्राप्त हो गई थी, तो आज हमारे पास उन्नत टेक्नोलॉजी एवं अनेक संसाधन उपलब्ध है। हमें अत्यधिक यत्न नहीं करना है अपने उद्धार के लिए। हम अपना कार्य सम्पादित करते-करते भी प्रभु के नाम का श्रवण, कीर्तन, वाचन कर सकते है। परिवर्तित परिवेश और परिस्थितियों के अनुरूप हमें स्वयं ही अपने कल्याण का मार्ग निश्चित करना होगा। जब हमारी मृत्यु होती है तब हमें ÷राम नाम सत्य है÷, इस कथन को जन मानस सुनाते है और उस समय इस सत्य को समझने योग्य हम नहीं रह पाते। हम इस नश्वर शरीर और संसार की माया हो ही सत्य मानते है और उसी में ही लिप्त रहते है, पर सृष्टि के सृजन कर्ता एवं पालन कर्ता उनकी लीला और उनके अस्तित्व की महिमा की ओर हमारा ध्यान केंद्रित नहीं होता है। हमारे धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि यदि मरते समय प्राणी को ईश्वर का स्मरण हो जाए तो उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है, परन्तु हमारा सामाजिक परिवेश हमें परिवारजन और रिश्तेदारों में ही उलझाएँ रखता है। हम मोह-माया के जाल से छूट नहीं पाते है। हमारे बुजुर्ग तो इसीलिए परिवार के सदस्यों की नाम ही भगवान के नाम पर रखते थे, जिससे प्रतिक्षण एवं अंत समय में भी प्रभु का ही स्मरण होता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में पितरो के उद्धार के लिए पिण्ड-दान, तर्पण इत्यादि विधियों का उल्लेख मिलता है, पर क्यों हम स्वयं के उद्धार के चिंतनीय विषय पर नहीं सोचते। श्राद्ध में निहित श्रृद्धा ही हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता के भाव का बोध कराती है। आइये हम सब इस श्राद्ध में जिन श्रद्धेय पूर्वजों ने हमें असीम प्यार, स्नेह प्रदान किया एवं हमें आशीष देते हुए इस संसार से विदा प्राप्त की उनके प्रति हृदय से श्रृद्धा सुमन अर्पित करें।

**डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)**

## कहानी


# अनकहा अतीत...

आज मंगलवार का दिन था और शाम को यहाँ बस स्टैंड के नजदीक हनुमान मन्दिर से हनुमान जी के दर्शन, पूजा-अर्चना कर परसाद चढ़ाकर लौटने के बाद मैं और सागरिका थोड़ी देर के लिए अपने अपार्टमेंट्स के नीचे बने पार्क में पड़ी बेंच पर ठण्डी हवा खाने के लिहाज से बैठ गए और दोनों पुत्र अजय और विजय पार्क में खेलने चले गए। तभी थोड़ी देर बाद एकाएक सामने से प्रो. राघवेन्द्र जी टहलते हुए वहीं आ गए। परस्पर अभिवादन के पश्चात् हमने उन्हें भी बैठने के लिए कहा और सागरिका ने उन्हें परसाद दिया। परसाद की ओर उनकी जिज्ञासा भरी दृष्टि के उत्तर में हमने उन्हें बताया कि यह मंगलवार का हनुमान जी का परसाद है। हम अभी मन्दिर से ही आ रहे हैं। परसाद लेते ही वो भावुक हो उठे और बोले-सर, आज हमें आपने एक बहुत पुरानी बात याद दिला दी। यूँ भी आपसे बहुत सारी बातें करने का मन रहता है पर कभी संभव नहीं हो पाया। अगर आपके पास समय हो और आप इजाजत दें तो मैं कुछ कहूँ? हमने खुश होते हुए कहा-जी सर, बिल्कुल! अवश्य कहिए! हमें प्रसन्नता होगी और इसी बहाने आपके विषय में कुछ जानने को भी मिल जाएगा! हमारी बात सुनकर वो अतीत में अपने बचपन की यादों में खो गए और फ़िर धीरे-धीरे पृष्ठ दर पृष्ठ अतीत की डायरी के पन्ने खोलते चले गए...

मैं आपको यहाँ बताता चलूँ कि यूँ तो प्रो. राघवेन्द्र करीब पिछले दस बरसों से इसी यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं परन्तु भिन्न-भिन्न विभाग और दूर अलग रहने की वजह से उनसे हमारा कुछ ज्यादा परिचय नहीं था। अब वो पिछले वर्ष से इसी अपार्टमेंट्स में रहने आए तो यहाँ सुदूर दक्षिण में हिन्दी भाषी होने की वजह से उनसे बातचीत ज्यादा होने लगी। यह हकीकत है कि आप अंग्रेजी भाषा में कितनी ही बातें कर लीजिए पर वो आनन्द नहीं आता, जो अपनी मातृभाषा हिन्दी में बातें करने में आता है। ऐसा लगता है जैसे घर-परिवार के किसी सदस्य से ही बातें कर रहे हों। इसी से आत्मीयता और अपनत्व भी बढ़ता है वरना अंग्रेजी में तो हम प्रायः औपचारिकताओं तक ही सिमटकर रह जाते हैं। इसीलिए तो माँ, मातृभाषा और मातृभूमि को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है-जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। खैर, मूलरूप से मध्यप्रदेश के एक गाँव से ताल्लुक रखने वाले राघवेन्द्र जी पत्नी और एक पुत्र के साथ यहाँ रहते हैं। उनका पुत्र भी हमारे पुत्र के समवयस्क होने की वजह से पूरी तरह घुलमिल गया है। उनकी पत्नी अर्चना भी सुन्दर, सुशील और व्यवहारिक गृहणी है।।हालाँकि उन्होंने भी विज्ञान में स्नातकोत्तर तक शिक्षा ग्रहण की है और विवाह पूर्व कुछ समय सर्विस भी की है परन्तु विवाहोपरान्त वो पूरी तरह से अब घर-परिवार को समर्पित हैं।

तभी ऐसा लगा कि कहीं दूर से राघवेन्द्र जी की आवाज़ आ रही है-सर! हम तीन बच्चे (दो भाई और एक मेरा मित्र) प्रतिदिन शाम को मन्दिर जाते। वहाँ खूब परसाद खाते और बचा हुआ थैली में इकठ्ठा करके घर ले आते और बाद में मिल-बाँटकर खाते। मंगलवार के दिन तो मन्दिर में खूब बूँदी, लड्डू पेड़ा मिलता था। कई बार तो छुटपन में आवश्यकता होने पर भगवान जी के सामने रखा हुआ परसाद और पैसे भी उनसे क्षमा याचना करते हुए उठा लेते थे। उस समय हम में किसी बात की समझ ही कहाँ थी और शायद भगवान जी भी यही सोचकर क्षमा भी कर देते होंगे। अब उन सब बातों को याद करते हुए बड़ी शर्म आती है और खुद पर गुस्सा भी आता है और फ़िर न जाने कितनी बार बचपन में भूल से किए उन अपराधों के लिए हम ईश्वर से क्षमा माँगते रहते हैं। हाँ याद आया, हमारे घर के पास में काकी का घर था। वो प्रतिदिन सुबह-सुबह पूजा के बाद परसाद में मिश्री या चीनी बाँटती थीं तो हम उसके लालच में उनके यहाँ जाते थे। हमारे एक चाचा ने एक बार दीदी से कहा, अपनी चीनी हमें दे दो, हम इसे बो देते हैं फिर इस पर खूब सारी चीनी उगेगी। यह कहते हुए उन्होंने नीचे कुछ जमीन हाथ से खोदी और वो चुपके से दीदी की चीनी खाने के बाद ख़ाली हाथ उसमें झाड़ दिए। भोली-भाली दीदी कितने ही दिनों तक उस जगह को इस आस से पानी से सींचती रहीं कि यहाँ खूब सारी चीनी उगेगी। बाद में जब इसका पता दादी माँ को चला तो उन्होंने चाचा जी की खूब पिटाई की थी। उन दिनों दो-चार रूपयों का मिलना भी हमारे लिए बड़ा महत्त्व रखता था। मैं घर के ऐसे काम खूब करता था जिसमें कुछ अपने लिए बचाया जा सके। जब कभी सब्जी, फॉल, धागा आदि लाने जाता तो सस्ते से सस्ती दुकान ढूँढ़कर उसी से ही सामान लाता और इस तरह असली मूल्य से कम में मिलने की वजह से कुछ न कुछ पैसे अवश्य ही बचा लेता था। हालाँकि इसके लिए मुझे अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ती पर पैसों के लालच में मेहनत करने में भी मज़ा आता था। इंजीनियरिंग में 'व्हाट इज इन इट फॉर मी?' थ्योरी पढ़ते वक़्त मुझे खुशी हुई कि मैं तो इसे बचपन में ही जान गया था। ऐसे ही एक और घटना याद आ रही है। हमने तब नई साइकिल ली थी और हम घर जा रहे थे तभी गर्ल्स कालिज के सामने महिला हवलदार सुषमा सिंह ने साइकिल रोककर हमें सड़क के किनारे बिठा दिया, जहाँ कुछ अन्य लड़के पहले से ही बिठाए हुए थे। हम उनसे बात करनी चाहें पर वो हर बार हमें जोर से डाँटकर बिठा देती। सौभाग्यवश तभी वहाँ से गुजरते एक परिचित सिपाही ने हमें पहचानते हुए हवालदार मैडम से कहा कि यह तो अपने सिंह सर का पुत्र है, इसे क्यों रोक रखा है? यह तो बहुत शरीफ़ बच्चा है, इसके घर जाने का रास्ता यही है। तब कहीं उन्होंने हमें घर जाने दिया। पर हम उस रात बहुत डरे हुए रहे क्योंकि हमें पता था कि पिताजी को जैसे ही यह मालूम पड़ेगा तो वो बहुत गुस्सा होंगे और फिर हमारी आज की पिटाई पक्की! पर देवकृपा से हम उस रात बच गए क्योंकि उन्होंने शायद हमारी पिटाई का सोचते हुए इस बात का ज़िक्र उन दोनों ने पिताजी से नहीं किया था। सर! पिताजी से हमको जीवन में तीन बार मार पड़ी है और वो हमें आज तक याद है। उनकी मार के बाद माँ कई दिनों तक सरसों के गरम तेल और हल्दी से हमारा उपचार करती थी। लेकिन तीन बार के बाद फिर पिताजी ने कभी हाथ नहीं लगाया। पिताजी सेल्फ मेड और वैल डिसिप्लिंड इन्सान रहे हैं। तमाम अभावों के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा पूर्ण की क्योंकि वो यह बात अच्छी तरह समझ गए थे कि अच्छा भविष्य गाँव से बाहर निकलकर कोई अच्छी नौकरी करके ही बनाया जा सकता है। इसीलिए उन्होंने खूब मेहनत की और अपने लक्ष्य को पाने के लिए सदा प्रयत्नशील रहे। हमारे यहाँ मार्च माह में महुआ खूब गिरता है। उसे सुखा-सुखाकर दुकान पर जाकर बेचकर पिताजी ने जबलपुर तक का बस का किराया निकाला और जबलपुर जाकर रात्रि स्टेशन पर काटी और फ़िर अगले दिन सुबह पुलिस में जाकर भर्ती हो गए। कालांतर में हम सब भी उन्हीं के पास रहने लगे और अच्छी शिक्षा ग्रहण कर यहाँ तक पहुँच सके हैं। पिताजी ने सर्विस में सदैव ईमानदारी के साथ खूब परिश्रम किया और खूब तरक्की की। करीब दो वर्ष पहले ही रिटायर होने के बाद अब वह अपने गाँव में अपना मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहे हैं और अपनी खेतीबाड़ी के कार्य में आनन्दमग्न रह इधर-उधर घूमने में व्यस्त रहते हैं। हमारे पिताजी, चचरे-तहेरे मिलाकर सत्ताईस भाई थे और अब उनसे हम सब मिलाकर पैंसठ भाई हैं। बस आप यूँ समझ लीजिए कि गाँव की बारह सौ आबादी में अधिकतर हमारा परिवार ही है। ईश्वर की कृपा से अब सब अच्छे संसाधन हैं तो करीब दो सौ क्विंटल गेहूँ और करीब इतना ही धान आराम से पैदा हो जाता है पर आज भी अन्न का एक-एक दाना हाथ से बीनकर-चुनकर निकाल लेते हैं और उसे बर्बाद नहीं होने देते क्योंकि वो अन्न का मूल्य अच्छी तरह से जानते हैं और वह अन्य सभी को भी अन्न का महत्व बताते हुए समझाते हैं कि गीता में कहा गया है-अन्नद्भवन्ति भूतानि...अर्थात् सभी जीवन अन्न से ही उत्पन्न होते हैं। इसके अतिरिक्त भोजन मंत्र की प्रथम पंक्ति है-अन्नम ब्रह्म रसं विष्णुं भोक्ता देवो जनार्दनम् अर्थात् अन्न ही ब्रह्म है, उसमें निहित सार तत्व विष्णु है, तथा जो उसका उपभोग करता है वह स्वयं महेश्वर भगवान है। इसीलिए अन्न का हमेशा आदर करना चाहिए। पुराने समय में कम संसाधनों और अभावों के बावजूद लोगों ने अपनी सफलता का रास्ता स्वयं बनाया और आजकल की पीढ़ी सारी फेसिलिटी उपलब्ध होने के बावजूद काम और मेहनत करने से मन चुराती है और दिन भर मोबाइल और इंटरनेट पर रील बनाने, फोटो चिपकाने और रील/वीडियो देखने में लगी रहती है। सच कहूँ तो मोबाइल ने हर आयु और वर्ग के व्यक्ति को इस कदर अपना आदी बना लिया है कि सुबह उठते ही सबसे पहले हर कोई अब अपना मोबाइल ढूँढ़ता नज़र आता है और रात को हाथ से मोबाइल रखने के बाद ही सोता है। आज की पीढ़ी को जीवन की हकीकत से दो-चार होने का अवसर ही नहीं मिलता। सारे सुख और ऐश्वर्य उपलब्ध होने से वो इसी को ज़िन्दगी समझ लेती है और माता-पिता को एटीएम। पर हमने अपने बचपन और पिताजी का जीवन देखा है। उन तमाम अभावों का प्रभाव आज तक हमारे मनोमस्तिष्क में किसी चलचित्र की भाँति चलता रहता है। उन दिनों जाड़ों में अलाव काटकर रातें कटती थीं और गर्मी के दिनों में सिर पर कपड़ा और हाथ का पंखा झलते-झलते दिन और रात को छतों पर पानी छिड़ककर जमीन पर बिछे बिस्तरों पर समय निकलता था। तब आज की तरह रूम हीटर और एसी कहाँ होते थे? तीन-चार किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल/कालिज शिक्षा ग्रहण करना आम बात हुआ करती थी। आजकल तो एक किलोमीटर के लिए बीस हजार किराये वाली स्कूल बस लगायी जाती है।

अभी कुछ समय पहले पिताजी मेरे साथ मेरे ननिहाल यानी कि अपनी ससुराल से अपने गाँव आ रहे थे। यही कोई चालीस किलोमीटर का रास्ता रहा होगा तो वो एकाएक बोले-राघवेन्द्र आज जिस रास्ते को हम इस गाड़ी से एक घंटे में आराम से पूरा कर रहे हैं, किसी समय यही रास्ता काटने में पूरे का पूरा दिन निकल जाता था। जानते हो जब मेरा विवाह हुआ था, मैं तब पढ़ ही रहा था। घर की माली हालत अच्छी नहीं थी। मैं जब भी अपनी ससुराल जाता तो तुम्हारे नाना जी और मामा जी आग्रह कर हमेशा ही मुझे चना, दाल, चावल आदि कुछ दे देते और मैं वो सब कन्धे पर रखकर घर तक लाता था। उस समय हमारे गाँव से प्रतिदिन चार बसें गुजरती थीं और आख़िरी बस रात नौ बजे आती थी। तुम्हारी माँ हर रात उस बस के चले जाने के बाद ही खाना खाती थी क्योंकि उसे पहले खाना खाने में यह डर रहता था कि अगर उस बस से कोई अतिथि आ गया तो फ़िर उसे क्या खिलाएगी। जानते हो बाद में मेरी बहन की बेटी हमारे यहाँ रहती थी। जब कभी मेहमान बढ़ जाते तो वो तुम्हारी माँ से कुछ और कार्य करने को कहा करती और खुद आटे को पानी में अच्छे से घोलकर दाल में मिलाकर उसमें बरकत कर देती थी। कभी-कभी बहुत कम रोटियों में भी हम सबने मिल-बाँटकर गुजारा किया है। उस वक़्त एक तो हमारे पास जमीन कम थी, परिवार बहुत बड़ा था और अच्छे संसाधन भी नहीं थे। यूँ समझ लो कि उस समय हमारे पास अच्छे बीज और खाद तक के लिए पैसे नहीं होते थे। परिणामस्वरूप उपज कम होती थी और उसमें से सारे खर्चे निकालने के बाद हमारे लिए कम ही बच पाता था। जहाँ धान-गेहूँ इकठ्ठा होता था, उसे समेटकर बोरों में भरकर बुग्गी/ट्राली से शहर में बिकने के लिए भेजने के बाद मैं उस जगह में झाड़ू लगाकर अन्न को बटोरता और उसे साफ कर एकत्रित कर लेता था, जिसे बाद में उपयोग में ले लेते थे। तुम्हारी माँ ज्यादा पढ़ी-लिखी तो न थी पर घर-परिवार को बड़े अच्छे से चलाना जानती थी। वो सबके दुःख दूर कर दिया करती थी पर अपने दुखों को कहाँ छिपाकर रखती थी वो आज तक कभी किसी को पता नहीं चल पाया। वो बहुत बड़े और अच्छे घर से थीं। शायद इसीलिए सहनशीलता, संयम और सेवा उसके भीतर कूटकूट कर भरे थे। वो हमें किसी देवी की तरह ही लगती थीं। हमेशा सबको धीरज रख आगे बढ़ने का हौसला और प्रेरणा दिया करती। हमारी हर उपलब्धि पर वो खूब खुश होती। आज हम जहाँ हैं उसमें उनका सबसे अधिक योगदान है....। एकाएक बच्चों के खेलकर वापस आ जाने से घर लौटने के क्रम में राघवेन्द्र जी से विदा लेनी पड़ी। मुझे आज यह देखकर खुशी हुई कि उन्होंने इतने सारे ज़ज्बात आज तक अपने दिलो-दिमाग में महफ़ूज़ रखे हुए हैं वरना आजकल तो लोग इस आभासी दुनिया के दौर में उम्र भर की यादें एक झटके में ऊँगली से डिलीट कर देते हैं। उनका यह अनकहा अतीत जानकर एकाएक माया एंजेलो का कथन स्मरण हो आया-देयर इज नो ग्रेटर एगोनी दैन बियरिंग एन अनटोल्ड स्टोरी इनसाइड यू अर्थात् अपने अंदर एक अनकही कहानी को समेटे रहने से बड़ी कोई पीड़ा नहीं है। मुझे लगता है कि आज अपनी कहानी कहकर राघवेन्द्र जी की यह पीड़ा ज़रूर कम हुई होगी क्योंकि अपने मन की बात कह लेनें से दिल का भार हल्का हो जाता है।





डॉ. सारिका मुकेश (तमिलनाडू)

## महिला विश्व कप क्रिकेट टी20

# अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता



2024 में पहले पुरुषों की विश्व कप क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न हुआ जिसमें भारतीय टीम ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर विश्व कप का खिताब जीता था। लेकिन अब संयुक्त अरब अमीरात में महिला विश्व कप क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट 03 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक संपन्न होने जा रहा है। जोकि दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी विश्व कप क्रिकेट टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल द्वारा आयोजित किया जाता है जिसमें विश्व की श्रेष्ठ दस देशों की टीमें - गत विजेता आस्ट्रेलिया, गत उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, बंगलादेश, भारत, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्री लंका और स्काटलैंड भाग ले रही हैं। सभी टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। प्रथम समूह में गत विजेता आस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड और द्वितीय समूह में गत उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, बंगलादेश, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और स्काटलैड को रखा गया है। सभी टीमों को अपने समूह में पांच -पांच मैंच आपस में खेलने हैं। इस प्रकार पहले चरण में 20 मैच 03 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक दुबई और शारजाह के स्टेडियम में खेले जायेंगे। दोनों समूह की दो-दो श्रेष्ठ टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसलिए पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को दुबई में खेला जाएगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को शारजाह में खेला जाएगा। अंत में फाइनल मैच 20 अक्टूबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पहले यह टूर्नामेंट बंगलादेश को आयोजन हेतु अधिकृत किया गया था और बंगलादेश ने पूरी तैयारी कर ली थी लेकिन आयोजन से दो महीने पूर्व बंगलादेश की निर्वाचित सरकार के खिलाफ आरक्षण के विरोध में छात्रों का आंदोलन और प्रदर्शन होने लगा और बाद चरमपंथियों के शामिल होने से अति हिंसक हो गया पूरे देश में अराजकता की स्थिति उत्पन्न होने से प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश से भाग कर भारत में राजनीतिक शरण लेनी पड़ी। अभी भी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। तब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल ने पड़ोसी देश भारत मे टूर्नामेंट को संपन्न करने हेतु अनुरोध किया लेकिन भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड अगले साल एशिया कप क्रिकेट के आयोजन की व्यवस्था में व्यस्त था इसलिए आई.सी.सी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया।तब संयुक्त अरब अमीरात को आयोजन कराने के लिए अधिकृत किया गया। अब तक आठ बार महिला विश्व कप क्रिकेट टी20 का आयोजन हो चुका है। पहली बार महिला विश्व कप क्रिकेट टी20 का आयोजन इंग्लैंड में किया गया जिसमें इंग्लैंड विश्व कप पर कब्जा किया। आस्ट्रेलिया 2010, 2012,2014,2018,2020 और 2023 में विश्व विजेता बनी जबकि वेस्टइंडीज 2016 में विश्व कप पर अधिकार किया। आस्ट्रेलिया की बल्लेबाज सूजी बेट्स ने सर्वाधिक 1066 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाज शबनम इस्माइल ने सर्वाधिक 43 विकेट हासिल किए हैं। अब तक टूर्नामेंट में पांच महिला बल्लेबाजों ने शतक बनाया है। आस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग ने 2014 में 124 रन, भारत की हरमनप्रीत कौर ने 2018 में 103 रन, इंग्लैंड की हेदर नाइट ने 2020 में 108 रन, दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली ने 2020 में 101रन और पाकिस्तान की मुनीबा अली ने 2023 में 102 रन बनाकर शतक का इतिहास बनाया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के नये अध्यक्ष जय शाह जोकि भारत के वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह के बेटे हैं ने अधिकृत घोषणा की है कि अब से सभी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में ईनामी धनराशि पुरुषों के समान रहेगी। इसलिए वर्तमान महिला विश्व कप क्रिकेट टी20 में कुल 79.58 लाख यू. एस.डालर ( करीब 66 करोड़ रूपए) ईनाम धनराशि वितरित की जायेगी। जिसमें विजेता टीम को 23.4 लाख यू.एस.डालर ( करीब 20 करोड़ रुपए) और उपविजेता टीम को 11.7 लाख यू.एस. डालर ( करीब 10 लाख रुपए) मिलेंगे। बाकी धनराशि ग्रुप मैचों सेमीफाइनल मैच खेलने वाली टीमों में बांटा जाएगा। एक और महत्वपूर्ण घोषणा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल ने की है कि अब से सभी महिला टूर्नामेंट में महिला अंपायर और रेफरी ही रहेंगी। इसलिए इस टूर्नामेंट में दस अंपायर और तीन मैच रेफरी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें भारत की जीएस लक्ष्मी भी हैं जिन्हें 12 वर्ष का अनुभव है। जबसे विश्व महिला क्रिकेट संघ का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल में विलय हुआ है इससे महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने भी महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की मैच फीस और भत्ते पुरुषों के समकक्ष कर दिया है। इससे युवाओं में क्रिकेट खेल के प्रति आकर्षण बहुत तेजी से बढ़ रहा है और महिलाएं भी तेजी से क्रिकेट में शामिल हो रही हैं। विश्व में नयेनये देश क्रिकेट अपना रहे हैं। इस विश्व कप क्रिकेट टी20 में आस्ट्रेलिया सातवीं बार विजेता बनने का उद्यम करेगा वहीं भारत का प्रदर्शन कई वर्षो से अच्छा रहा है। पिछले विश्व कप में भारतीय टीम सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से पराजित हो गई थी और 2020 के विश्व कप क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट में फाइनल में आस्ट्रेलिया से रोमांचक मुकाबले में पराजित हो गयी थी। इस समय भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंदाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रोड्रिग्ज अच्छी फार्म में चल रही हैं। यही नहीं गत उपविजेता दक्षिण अफ्रीका और पहली विजेता इंग्लैंड भी टूर्नामेंट में जीत के लिए अच्छी टक्कर दे सकती हैं। संयुक्त अरब अमीरात में पहली बार महिला क्रिकेट विश्व कप का हो रहा है। वहां पर क्रिकेट खेल लोकप्रिय नहीं है फिर भी विश्व स्तर की प्रतियोगिता संपन्न हो रही है। जब पश्चिम एशिया में फुटबॉल की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हो सकती है। तब महिला क्रिकेट को भारतीय उपमहाद्वीप का सहयोग मिलता रहा है इसी लिए बंगलादेश में महिला क्रिकेट का आयोजन होने वाला था। लेकिन आंतरिक अशांति के कारण ऐन समय पर संयुक्त अरब अमीरात को स्थानांतरित करना पड़ा।फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड महिला विश्व कप क्रिकेट टी20 संयुक्त अरब अमीरात में सफल और लोकप्रिय तरीके से संपन्न होने में सहयोग कर रहा है।

**खेल समीक्षक : इंदु शेखर त्रिपाठी**
**फ्लैट नं 4 04, श्री तिरूमाला साइबर रेसीडेंसी, मस्जिद बंडा, कोंडापुर, हैदराबाद --500084**


## शासकीय स्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान



पीथमपुर। शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत शासकीय चिकित्सालय पीथमपुर में स्वच्छता का संदेश राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा श्रृंखला बनाकर दिया गया।

विद्यार्थियों द्वारा सिंगल प्रयोग प्लास्टिक अन्य पॉलिथीन पाउच के इस्तेमाल न करने के बारे में बताया गया और लोगों को यह सूचित किया गया कि पन्नी पॉलिथीन हमारे पर्यावरण को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर रही है यदि इसके प्रयोग को नहीं रोका गया तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण पूरी तरह प्रदूषित हो जाएगा हमें सांस लेने में भी समस्या आएगी और अनेकों अनेक संक्रामक बीमारियां उत्पन्न होगी अतः पर्यावरण की सुरक्षा की जाए वृक्षारोपण किया जाए एवं प्लास्टिक और सिंगल प्रयोग पॉलिथीन का इस्तेमाल पूरी तरह बंद किया जाए कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अरविंद सकवार द्वारा किया गया।

## डॉ सतीश गोथरवाल एवम साथी के संजा लोक



## गायन से महाकाल परिसर हुआ गुंजायमान

उज्जैन। उमा सांघी महोत्सव में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की प्रथम प्रस्तुति में उज्जैन के डॉ. सतीश गोथरवाल के निर्देशन में पंडित विष्णु नारायण भातखंडे कला संस्थान द्वारा लोकगीतों का सुमधुर गायन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में गणेश वंदना म्हारा नेम धरम री गाड़ी के बाद जय महाकाल भोलेनाथ भर भंडार की सरसमयी प्रस्तुति दी गई।

तदोपरांत संजा के गीतों में क्रमशः संजा का दरबार चंपो, पेली आरती रई रमजोल, संजा तो मांगे हरियो हारियो गोबर, काजल टिकी लो बई, संजा तू थारे घरे जा,म्हारा आंगण में कुण कुण बीरो पोथी बाचे रे, भम्मरिया, छोटा छोटा भम्मर, संजा बई के सासरे जावांगा, संजा बई का लाड़ा जी, म्हारा आंगण में केल ऊगी, संजा बई के सासरे से, छोटी सी गाड़ी रुडकती जाए आदि गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। डॉ. गोथरवाल के निर्देशन में प्रियांशी शर्मा, आकृति जोशी, दक्ष गोथरवाल, दीपक भिलाला धनवंती वर्मा (गोथरवाल) ने गायन प्रस्तुत किया। तबला पर केशव सोलंकी, ढ़ोलक पर विजय गांगोलिया, सहवाद्य पर दिव्यांश बुन्देल ने साथ दिया।

## सकारात्मक माइंडसेट के साथ जीवन में सफलता पा सकते है - मेहर



इंदौर। संसार में प्रत्सेक व्यक्ति अपने जीवन में कुछ अच्छा हासिल करने की दोड़ में लगा हुआ है लेकिन कई बार प्रयत्न करने के बावजूद भी व्यक्ति अपने जीवन में मनचाहा मुकाम हासिल करने में असफल रहता है। दिनेष मेहर एडवोकेट, मोटीवेषनल स्पीकर, ब्रेन एवं मेमोरी पॉवर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि सफल लोगों की बातों को अपने जीवन में उताकर भी सफलता का मुकाम पाने में हमें मदद मिल सकती है।

चलिये सफल व्यक्तियों की आदतों एवं बातों को समझने का प्रयास करते है सफल व्यकित किन बातों और आदतों को अपनाते है जिससे वे सफलता का परचम लहराते है। यह वह होते है जो अच्छी एवं ठोस योजना बनाता है, कार्य की सराहना करते है, मुझे अच्छा करना है, विचार व ज्ञान को बॉटते है, प्रत्येक व्यक्ति या घटना से नया सीखने को तैयार रहते है, सफलता का श्रेय सभी को देते है।

गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लेते है, अच्छे परिवर्तन के लिये हमेषा तैयार रहते है, बोलने से पहले सोचते है, समस्या का समाधान खोज लेते है, सफल व्यक्ति अमीर बन जाते है क्योंकि वह अमीर व्यक्तियों और अमीर बनने के सही तरीकों के बारे में सोचते है, कार्य की प्लानिंग करते है, समय का उपयोग करता है, डर होने के बाद भी समस्या को सफल बनाने में लग जाते है, बड़े लक्ष्यों को हासिल कर टीम बनाकर लक्ष्य तक पहुॅचते है, अपनी स्पीड़ आगे बढ़ाकर निकलता है, सही दिषा में कठिन परिश्रम करते है।

## महेश सिंह राठौड़ प्रदेश सचिव बने

इंदौर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष राम कुमार सिंह सिकरवार एवं कार्यकारी मध्य प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह सिसोदिया के द्वारा महेश सिंह राठौड़ विजयनगर इंदौर को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश सचिव बनाया गया हे। वह पहले से ही क्षत्रिय करणी सेना इंदौर जिला मंत्री है और संगठन ने एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संगठन ने उन्हें दी है,अमृत सिंह चौहान सन्नी सिंह राठौड़ प्रवीण सिंह राठौड़ इंदौर सोनू दरबार खलघाट ने बधाई दी।





# संवाद कार्यक्रम में हुई फ़ोटो पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर हुई सार्थक चर्चा

### फ़ोटो पत्रकारों के पद कम करने से संस्थानों के पैसे बचे लेकिन पत्रकारिता की गुणवत्ता घटी : सुश्री पुरी

**इंदौर।** मोबाइल के आने के बाद अनेक मीडिया संस्थानों में फ़ोटो जर्नलिस्ट के पद घटाए गए हैं। सरकारी स्तर पर भी अब फ़ोटो पत्रकारों की उपेक्षा की जा रही है और रेडीमेड फ़ोटो भेजकर छपवाने को प्राथमिकता दी जा रही है। इन सबसे पत्रकारिता की गुणवत्ता के साथ समझौता हुआ है। ये बातें दिल्ली से पधारीं वरिष्ठ फ़ोटो जर्नलिस्ट एवं इंडियन एक्सप्रेस की फ़ोटो संपादक श्रीमती रेणुका पुरी के इंदौर के वरिष्ठ फ़ोटो पत्रकारों के %संवाद% कार्यक्रम में प्रमुखता से सामने आईं। स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के आयोजन में राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं स्थानीय स्तर फ़ोटो पत्रकारिता की बदलती स्थिति एवं चुनौतियों पर गंभीर विमर्श हुआ। प्रमुख रूप से यह बात सामने आई कि संस्थान अब फ़ोटो पत्रकारों के पद कम करते जा रहे हैं और रिपोर्टरों से यह अपेक्षा रखने लगे हैं कि वे ही मोबाइल से फ़ोटो क्लिक कर भेज दें। इससे पत्रकारिता की गुणवत्ता में तो फ़र्क पड़ा है, लेकिन संस्थानों को अपनी उसकी बजाए अपने पैसे बचाने की चिंता है। सुश्री पुरी एवं शहर के प्रमुख फ़ोटो पत्रकारों ने इस बात पर भी अफसोस ज़ाहिर किया कि कई स्थानों और घटनाओं के कवरेज में अब रिपोर्टरों को तो प्रवेश दिया जाता है लेकिन फोटोग्राफरों को रोक दिया जाता है। इवेंट में रेडीमेड फ़ोटो भेजने की प्रवृत्ति विशेषकर सरकारी आयोजनों में बढ़ी है। इसके पीछे कारण यह है कि सरकारी संस्थाएं डरती है कि फोटोग्राफर कहीं किसी कमी का फ़ोटो न क्लिक कर लें। यह एक तरह से फ़ोटो पत्रकारिता का दायरा घटाने की कोशिश है। संवाद कार्यक्रम में यह बात स्पष्ट हुई कि दिल्ली से लेकर प्रदेश, ज़िला और तहसील स्तर पर फ़ोटो पत्रकार यह महसूस करते हैं कि उनकी विधा का दायरा समेटने



की कोशिश की जा रही है और इसे लेकर उनमें चिंता है। यद्यपि सुश्री पुरी ने उम्मीद ज़ाहिर की कि फ़ोटो पत्रकारिता के अच्छे दिन फिर लौटेंगे। सुश्री रेणुका पुरी द्वारा क्लिक किए गए तिहाड़ जेल में महिलाओं की स्थिति पर एवं अन्य विषयों के चित्रों की कॉफी टेबल बुक बड़े प्रकाशकों द्वारा पब्लिश हुई हैं। लेकिन वे इसे फोटो पत्रकारों के लिए अतिरिक्त कमाई का साधन नहीं मानतीं। वे पाठकों में पुस्तक खरीदने के प्रति अरुचि एवं प्रकाशकों द्वारा रॉयल्टी ठीक से ना दिए जाने से निराश भी नज़र आईं। मोबाइल जर्नलिज्म सीखना वे सभी पत्रकारों के लिए अनिवार्य मानती हैं। पहले के मुकाबले आज के नेताओं में मित्रता या सौजन्यता का भाव घटा है और सभी लोग आजकल एक डिस्टेंस बनाकर चलते हैं। वे फोटो पत्रकारों को भेडचाल से बचने की सलाह देती हैं।

ह्य0उनके अनुसार हमें अपने आप को भी बदलना होगा और जब तक हमारा फ़ोटो अलग नहीं नज़र आएगा, तब तक हमारा सम्मान नहीं होगा। फ़ोटो पत्रकारों को आपस में समन्वय, सहयोग और धैर्य भी बढ़ाना होगा। किसी इवेंट में धक्कामुक्की या पहले फोटो लेने की होड़ की बजाए धैर्य से समन्वय करें तो सबको अच्छे एंगल से फ़ोटो अंततः मिल ही जाता है। सुश्री पुरी और इंदौर के प्रमुख फ़ोटो पत्रकारों के बीच संवाद में खूब मित्रवत माहौल में अपने सुख -दुख साझा किए गए और अपने रोचक अनुभव सुने - सुनाए गए। किसी वरिष्ठ राष्ट्रीय फ़ोटो पत्रकार की उपस्थिति के बहाने फ़ोटो पत्रकारिता की बढ़ती चुनौतियों पर सार्थक विमर्श के कारण यह संवाद कार्यक्रम यादगार एवं बड़ा खास बन गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में श्री कैलाश मित्तल, श्री अखिल हार्डिया ,श्री ओ. पी. सोनी, श्री राजू रायकवार, श्री गुरुदास दुआ, श्री आशू पटेल, श्री शरीफ़ कप्तान, श्री आनंद शिवरे, श्री गोपाल वर्मा, श्री दीपक जैन, श्री राजू पंवार, श्री दीपक भाटिया, श्री सत्यजीत शिवनेकर एवं श्री पुष्कर सोनी ने पुष्प गुच्छ, गांधी साहित्य, स्मारिका एवं अंग वस्त्र से सुश्री पुरी का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्टेट प्रेस क्लब के महासचिव श्री आलोक बाजपेयी ने किया जबकि श्री अभय तिवारी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट श्री कुमार लाहोटी ने सुश्री पुरी को उनका कैरिकेचर भेंट किया। सुश्री शीतल रॉय एवं मीना राणा शाह ने राम के डाक चित्रों का संग्रह भेंट किया।अंत में संगठन के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार खारीवाल ने आभार प्रदर्शन किया।

## सरकारी स्कूलों में बच्चों के कम नामांकन से सरकार चिंतित

**इंदौर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के नामांकन में कमी आई है। इससे सरकार चिंतित है, क्योंकि बच्चों के प्रवेश के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा कि वे पिछले वर्ष की तुलना में विद्यार्थियों के नामांकन में आई गिरावट का विश्लेषण करें।



दरअसल, पिछले वर्ष की तुलना में इतने विद्यार्थियों का पंजीयन कम हुआ है, इसलिए स्कूल शिक्षा विभाग इसकी समीक्षा कर रहा है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर विश्लेषण करने के लिये कहा है।

पत्र में कहा गया है कि मैपिंग का का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। इस प्रक्रिया में स्कूल के शिक्षकों द्वारा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को स्कूल से अनमैप करके ड्रॉपबॉक्स में भेज दिया गया है। इस वजह से विद्यार्थियों के नामांकन में गिरावट देखने में आ रही है।

## दुर्घटना में मृतक को परिजनों में 37 लाख का मुआवजा

इंदौर। दुर्घटना में जाने सेवाने वाले व्यक्ति के परिजनों को न्यायालय ने 37 लाख रुपये का मुआवजा अवार्ड किया है। घटना इस प्रकार है कि घटना दिनांक 06.02.2023 को सुबह 06.00 बजे के लगभग की बात है कि। मृतक जितेन्द्र अपने गांव से ट्रेक्टर से सब्जी लेकर सब्जी मण्डी बेटमा जा रहे थे कि मृतक जितेन्द्र अपना ट्रेक्टर सही साईड से धिरे – धिरे चला रहे थे कि जैसे ही मृतक जितेन्द्र हाईवे ट्रीट होटल के पास, इन्दौर अहमदाबाद रोड, मोथला फाटा ग्राम मोथला पर पहुंचे थे कि तभी पिछे से उक्त वाहन पिकअप क्र. जी.जे – 01–एफ.टी–8401 के चालक ने अपने वाहन पिकअप को काफी तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए लाया और मृतक जितेन्द्र के ट्रेक्टर में पिछे से जोरदार टक्कर मार दी । जिससे मृतक जितेन्द्र ट्रेक्टर से काफी दूर रोड़ पर फिका गये और पिकअप का पहिया मृतक जितेन्द्र के उपर चड गया था । जिससे मृतक के सिर में पैर में व शरीर के अन्य भागो में गंभीर चोट आने एंव पैर के उपर पिकअप वाहन का पहीया चढ जाने से मृतक की मृत्यु हो गयी । मृतक परिवार की ओर से सदरक्लेम प्रकरण उन्तसवें एमएसीटी इंदौर विजय डांगी साहब के न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था ।

## अब मौसम विभाग लोगों को देगा नमी की भी जानकारी

इंदौर। गर्मी, सर्दी और बारिश की जानकारी देना वाले मौसम विभाग (आईएमडी) अब नमी स्तर की जानकारी भी लोगों को देगा। नमी का महत्व आमतौर पर बारिश के सीजन में ज्यादा होता है। नमी बढ़ने से इंसान इस मौसम में खुद को असहज महसूस करता है और उसके बीमार पड़ने की संभावना बनी रहती है।

अब आईएमडी ने यह सुविधा आम लोगों के लिए शुरू की है। सात दिनों की न्यूनतम और अधिकतम नमी का फॉरकास्ट लोग जान सकेंगे। एक ही जगह उन्हें दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के सभी हिस्सों की नमी की जानकारी मिल सकेगी। लोगों को इसके लिए मौसम विभाग की वेबसाइट पर जाना होगा। इस पेज पर जाकर उन्हें उस शहर को क्लिक करना होगा, जिसकी नमी के स्तर का हाल जानना चाहते हैं। इसके बाद उनके सामने मौसम की पूरी जानकारी आ जाएगी। यहां उन्हें अगले सात दिनों के अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान, बारिश या बादलों की कितनी संभावना है, मौसम संबंधित वॉर्निंग जारी की गई है या नहीं और नमी के स्तर की जानकारी मिल सकेगी।

## जनता युवा किसान व्यापारी मजदूर त्रस्त भाजपा सरकार मस्त

इंदौर। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी श्री भंवर जितेंद्र सिंह शहर कांग्रेस पार्षद दल एवं वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के निर्देश में इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भय भूख भ्रष्टाचार, महंगाई बेरोजगारी बढ़ती नशाखोरी बढते अपराध के साथ ही भाजपा व छात्राएं मध्यम वर्ग त्रस्त है और भाजपा सरकार सरकार में जनता युवा किसान व्यापारी मजदूर छात्र एवं अधिकारी मस्त हैं के साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की

**भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 30 सितंबर को गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय से पर्दाफाश पदयात्रा कलेक्टर कार्यालय पर सत्याग्रह आंदोलन**

जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 30 सितंबर को प्रातः 1100 बजे गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय यशवंत रोड से एक पर्दाफाश पदयात्रा निकाली जाएगी जो कलेक्टर कार्यालय पर सत्याग्रह आंदोलन कर राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

यादव ने बताया है कि आज भाजपा सरकार में जनता त्रस्त है भाजपा सरकार एवं अधिकारी मस्त हैं बढ़ती महंगाई बेरोजगार भ्रष्टाचार बढ़ते अपराध नगर निगम में 150 करोड़ का फर्जी बिल घोटाला एवं युग पुरुष आश्रम में हुई बच्चों की मौत में दोषियों पर कार्रवाई नहीं करना नर्सिंग कॉलेज घोटाला छात्रों का भविष्य बर्बाद करना इंदौर के आयडेलिक कॉलेज के संचालक अक्षय बम एवं कॉलेज पर कार्रवाई नहीं करना मेडिकल कॉलेज में घटिया निर्माण घोटाला शहर में बढ़ती नशाखोरी एवं महिलाओं बच्चियों के साथ हो रही घटना लूट डकैती हिंसा चोरी वाहन चोरी मंगलसूत्र चेन लूटी जा रही है।

शराब की दुकानों के सामने सड़क पर शराब पीने की खुली छूट दी जा रही है इंदौर शहर भर में एक लाख से अधिक सड़कों पर गड्ढे गड्ढे से जनता त्रस्त है और आये दिन दुर्घटना हो रही है आम व्यक्ति घायल रहा है या फिर दुर्घटना से मौत हो रही है।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव पर भारत किड्स रैंप शो, भारतवंदन ग्रुप डांस आयोजन संपन्न

इन्दौर। अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रमंच द्वारा अग्रसेन जंयती के उपलक्ष्य में 5148वां अग्रसेन जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।



इसी श्रृंखला में ''एक पहल राष्ट के नाम 2024'' के अंतर्गत राष्टीय भावना से परिपूर्ण आयोजन ' कल का भारत एवं भारत वंदन' भव्यता से रविन्द्र नाट्य गृह, इन्दौर में संपन्न हुआ जिसमें अग्र-वैश्य समाज की प्रतिभाषाली बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

जानकारी देते हुए संस्थापक आशीष दीपिका गोयल ने बताया कि, महाराजा अग्रसेन जी की 5148 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम के प्रारंभ संस्था की महिला सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महाराजा अग्रसेन जी की भव्य स्तुति से हुआ।

जिसमें उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति ने दीपक से आरती की जो दृष्य देखते ही बन रहा था। इस स्तुति में वरिष्ठ समाजसेवी भाई साहब विनोद जी अग्रवाल (अग्रवाल गुप) विशेष रूप से उपस्थित रहे

कार्यक्रम संयोजक प्रियल जीतू गोयल ने बताया आयोजन ''भारत वंदन ' में अग्र-वैष्य समाज के बच्चो ने विभिन्न देश भक्ति के गानों पर शानदार प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही छोटे बच्चों का आयोजन ''कल का भारत ' रैम्प शो भी रंगारंग संपन्न हुआ, जिसमें भाग लेने वाले बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीता।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी महेश जी मित्तल द्वारा कार्यक्रम की थीम के अनुसार राष्ट का नाम विभिन्न क्षेत्रों में रोशन करने वाली महिलाओं पहल खराडकर(बैडमिंटन),सोनिका ( पर्वतारोही), शेफाली अग्रवाल (डॉक्टर) को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशा कैलाश विजयवर्गीय ,गोलू जी शुक्ला विधायक, उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन जी का चित्र पूजन एवं माल्यार्पण टीकम चंद्र जी गर्ग(चज्ञ),प्रेमचंद गोयल, पवन सिंघानिया (मोयरा) विष्णु बिंदल, अविनाश अग्रवाल (ओयस्टर) , राजेश बंसल, प्रवेश श्वेता अग्रवाल सौम्या, शैलेश प्रीती जी गर्ग ,अरविंद बागड़ी, कुलभूषण जी मित्तल, नंदकिषोर कंदाई, आशीष सोनाली जी अग्रवाल बृजवासी ,मनीष सुधा मित्तल मोरनी, नितिन अग्रवाल (अपेक्स), नितिन जैन, दीपक खंडेलवाल (श्रीधी) नारायण अग्रवाल 420, प्रतिभा मित्तल, राजेश कुंजीलाल गोयल, अनिल एकता दर्पण ्वारा किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी संदीप रितु गोयल (आटो), अमन शीतल सिंगल, हरीश संगीता गर्ग, सचिन रूनझुन गर्ग,अभिषेक वर्षा गोयल,विनोद वर्षा बंसल, डा. रितेश पूजा अग्रवाल, नवनीत केडिया मोनिका गर्ग, मनीष सोनल गोयल, शिवनारायण अग्रवाल, कुलदीप नेहा अग्रवाल, अजय अग्रवाल, धर्मेंद्र अग्रवाल, विधि सुमित मित्तल ने मिलकर कार्यक्रम को सवारा।



इकतारा बोले....

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम
9394290204



## सौ दिन के जश्न?

पहले फिल्मों के लिए कहा जाता था कि सौ दिन पूरे कर लिए। उसके बाद पच्चीस सप्ताह पूरे कर लिए तो रजत जयंती लेकिन आजकल फिल्में इतनी चलती कहां हैं? आइनॉक्स में दस दिन चल गए तो बहुत चल गई। उसके बाद ओटीटी पर आ जाती है और लोग अपनी ड्रॉइंग रूम में बैठकर फिल्म देखते हैं तो फिल्मों के लिए वह सौ दिन और पच्चीस सप्ताह का क्रेज जाता रहा अभी यह क्रेज सरकारों पर आ गई है। सौ दिन पूरे हुए नहीं कि ऐसा दृश्य बनाया जाता है, ऐसे ऐसे बयान दिए जाते हैं, ऐसे फोटो वैसे फोटो खिंचवाये जाते हैं जैसे किसी हिमालय के शिखर पर सरकार पहुंच गई है। जब सरकार पांच साल के लिए बनी है और उसे पांच वर्षों तक जनता की सेवा का लेबल लिए हुए अपनी सेवा करनी है तो सौ दिन वाला किस्सा क्या है? आपने अगर सारा कुछ सौ दिन में पूरा कर लिया तो बाक़ी चार साल दो सौ पैंसठ दिन आप करोगे क्या? आपको तो करते ही रहना है। लेकिन चाहे वह राज्य हो या केंद्र या सौ दिन का जश्न मनाने का एक रिवाज सा चल रहा है। प्रोग्रेस रिपोर्ट अजी प्रगति प्रतिवेदन भी देते हैं कि उन्होंने जो कुछ कहा था जो वादे किए थे वे सारे पूरे कर लिए गए। बहुत अच्छा प्रयास है मुगालते में जनता को डालने का। यह बहुत अच्छा प्रयास है। इस तरह करके अगली बार कुर्सी रिजर्व करने वाली बात मुझे प्रतीत होती है। इन सौ दिनों में भी ऐसा क्यों किया गया है कि समस्याओं से ध्यान बांटने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए चाहे वह राज्य हो या केंद्र। पहले जब स्कूल जाते थे तो हमारी पढ़ाई का प्रोग्रेस रिपोर्ट या प्रगति प्रतिवेदन स्कूल के शिक्षक देते थे किसने इतने दिन स्कूल में इतने दिन हाजिर हुआ इसको विषय दर विषय कितने नंबर मिले और अन्य गतिविधियां इसकी क्या हैं। लेकिन अब तो गंगा उल्टी बहने लगी खुद ब खुद अपने सौ दिन पूरे करते हैं उसके बाद भी खुद अपनी प्रगति रिपोर्ट देते हैं कि हमने यह किया वह किया। काम और परिणाम देखा जाए तो लगता है यह अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने की बात है और कुछ नहीं। बड़े-बड़े मुद्दों से ध्यान भटकने के लिए तरह-तरह के उपाय, तरह-तरह की यात्राएं और तरह-तरह के विदेशी लोगों से मिलकर जनता को चपत लगाई जाती है। ऐसा नहीं है कि ऐसा पहली बार हुआ है यह तो पिछले दस वर्षों से हम लगातार देखते आ रहे हैं फिर भी हम नहीं चेते। हम सबकी आंखों पर धर्म की और भाषा की पट्टी चढ़कर हमें धृतराष्ट्र के गांधारी बनने पर विवश किया जा रहा है जो एक लोकतांत्रिक देश के विकास और भविष्य के लिए न केवल खतरनाक है बल्कि लंबे समय के लिए यह एक रोग का रूप ले ले इसमें कोई दो मत नहीं।

## वंचित समाज को आरक्षण में आरक्षण दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद ज्ञापन सोपेंगे

**इंदौर।** अनुसूचित जाति आरक्षण वर्गीयकरण पर मा.सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद अदा करने हेतु सम्पूर्ण प्रदेश में अलग-अलग संभागो में राष्ट्पति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम वंचित समाज ( बसोड़, धानुक, डोम-डुमार, हेला कोरी-कोली, वाल्मीकि आदि ) के लोगो में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खुशी की लहर दौड़ी है। जिस पर सम्पूर्ण प्रदेश में ज्ञापन सौपे जा रहे है। उक्त जानकारी देते अ. भा. अनुसूचित जाति युवजन समाज के राष्टीय कार्यवाहक अध्यक्ष महेश गौहर ने बताया की 30-09-24 की दोपहर 2 बजे संभाग आयुक्त महोदय को राष्ट्पति के नाम ज्ञापन सौपा जायेगा 7 नगर निगम चौराहे से काछी मोहल्ला जेलरोड होते हुए संभाग आयुक्त कार्यालय पहुचकर ज्ञापन सौपेंगे शहर की सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनो के अलावा वाल्मीकि समाज की चारो पंचायतो के सम्मानित सदस्य उक्त प्रदर्शन में शरीक रहेंगे आगे श्री गौहर ने बताया की हरीश नागर, संतोष कल्याणे, श्याम अजयपाल, राजेश मेवाती, सूरज गौहर, संतोषबाई गौसर, पवन नरवले, सीमा नरवले, नितेश डागर, बालकिशन करोसिया आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## हाई कोर्ट के आदेश पर ट्रायल कोर्ट ने 307 के प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित दो को किया दोषमुक्त

**इन्दौर ।** हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया था कि संबंधित प्रकरण की सुनवाई 6 माह में पूरी की जाए। ट्रायल कोर्ट ने इस आदेश का पालन करते हुए केवल 4 माह में प्रकरण की अविलंब सुनवाई की और मुख्य आरोपी राम नारायण पिता फतेसिंह कलौता, रूपसिंह उर्फ रूपेश पिता गोवर्धन मालवीय और राजकुमार पिता ओम प्रकाश मालवीय को दोषमुक्त कर दिया। मुख्य आरोपी की पैरवी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शिवेन्द्र पाण्डेय द्वारा की गई। फरियादी द्वारा दिए गए विरोधाभासी साक्ष्यों और अनुसंधान के दौरान पाई गई गंभीर त्रुटियों के कारण, साथ ही बचाव पक्ष द्वारा प्रस्तुत न्याय सिद्धांतों के आधार पर आरोपियों को बरी किया गया। यह निर्णय न्यायपालिका के प्रति विश्वास को मजबूत करता है।

## एक दर्जन से ज्यादा नशेड़ियों को चेकिंग अभियान में धरा

**इन्दौर ।** अलग अलग थाना क्षेत्रों में चलाए जा रहे नशेड़ियों और नशीले पदार्थों के सौदागरों के खिलाफ पुलिस के विशेष अभियान के तहत कल करीब पन्द्रह नशेड़ियों को पुलिस ने पकड़ हवालात की हवा खिलवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच पुलिस ने इसरार अंसारी, सौभाग्यसिंह, अभिषेक तिवारी, सोनू उर्फ बारिक, मोहित नामक युवकों को चिलम में गांजा भर पीते हुए पकड़ा था तो बाणगंगा थाना पुलिस ने विनय शुक्ला, लालसिंह राजपूत, रवि वर्मा, नितेश चौहान, अमन उर्फ लाला वर्मा को चिलम फूंकते दबोचा। उधर हीरा नगर थाना क्षेत्र में बलराम पिता मुकेश प्रजापत, साहिल पिता मोहनलाल यादव को क्रमशः रघुनंदनबाग और कनकेश्वरी ग्राउड से गांजा पीते पकड़ाए। वहीं द्वारकापुरी पुलिस ने दिग्विजय मल्टी के पास से चटर उर्फ कृष्णा उर्फ शैतान राठौर को गांजा पीते पकड़ा।

## ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर

**इंदौर ।** कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा - 2025 के आवेदन ऑनलाइन उपलब्ध हैं । वे ही छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय,अशासकीय,ईजीएस के कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हैं तथा जिनका जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के मध्य हुआ हो। आवेदक ने कक्षा तीसरी,चौथी,पांचवीं में लगातार प्रत्येक पूर्ण सत्र में अध्ययन किया हो तथा एक ही कक्षा में पुनरावृत्ति न की हो। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को शिक्षा,आवास,भोजन,यूनिफार्म,पाठयपुस्तकें एवं दैनिक उपयोग की वस्तुऐं निश्शुल्क प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त? नवीन शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर, इंटरनेट, स्मार्ट क्लास की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित होगी। चयन परीक्षा के आवेदन केवल ऑनलाइन वेबसाइट 222.ठुड्ढ1श्स्र्ड्ढ4ड्ढ.द्द्श1.द्बठ्ठ से आवेदन फार्म भरे जा सकते हैं।





इंदौर पुलिस का, अवैधानिक गतिविधियों व

# अवैध नशे की गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ा प्रहार लगातार जारी...

## इंदौर नगरीय पुलिस द्वारा बदमाशों व संदिग्ध असामाजिक तत्वों विरुद्ध चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान

**इन्दौर।** इंदौर शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु अवैधानिक गतिविधियों व अवैध नशे पर कड़ा प्रहार करने के लिए पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री राकेश गुप्ता के दिशा निर्देशन व एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह व श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नगरीय क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्धों, असामाजिक तत्वों व गुंडे/बदमाशों और नशाखोरों व ड्रग पैडलर्स की धरपकड़ करने के लिए आज दिनांक 29.09.24 को विशेष चैंकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इंदौर शहर के चारों जोन के डीसीपी के निर्देशन में, आज शाम से रात तक नगरीय इंदौर के संबंधित क्षेत्र के एडिशनल डीसीपी के नेतृत्व में सभी एसीपी व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर चैकिंग पॉइंट लगाए गए। जिसके तहत संदिग्ध वाहनों, संदिग्ध असामाजिक तत्वों, नशाखोरी कर वाहन चलाने वाले तथा बदमाशों पर विशेष नजर रख चेकिंग की गई। जिसके पश्चात रात्रि के समय इंदौर नगरीय क्षेत्र में शहर के विभिन्न थानों का बल व रक्षित केन्द्र नगरीय पुलिस इन्दौर के लगभग 600 से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में ड्रग पेडलर्स के घरो पर सर्चिंग अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर चैकिंग पाईंट लगाकर वाहनो व संदिग्ध व्यक्तियो की चैकिंग की गई जिसमें शराब पीकर वाहन चलाते वाले व्यक्तियों पर धारा 185 मो.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। साथ ही शहर के थाना क्षेत्रों मे चेंकिग अभियान के तहत दो प्लाटून बनाकर थाना क्षेत्र में फूट पेट्रोलिंग की गई, जिसमें शराब की दुकानों के आसपास असमाजिक तत्वों की चैकिंग, खुले में शराब का सेवन करने वालों पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही, अवैध मादक पदार्थ एवं नशीले पदार्थों का विक्रय करने वालो के विरुध्द कार्यवाही, बाहर जिलों से आये अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त संदेहास्पदों व्यक्तियों की चैकिंग, चाय एवं नाश्ते की गुमठियों के आसपास एकत्रित असामजिक तत्वों से गहनता से पुछताछ कर रजिस्टर तैयार कर संदिग्धो के नाम,नंबर व पता नोट किये गये। यातायात नियमों का उल्लघन करने वालों के विरुद्ध बिना हैलमेट एवं बिना सीटबेल्ट पहनें या अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के अन्य प्रावधान उल्लघंन करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# संघ के विधान में आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से मान्य

## डीएवीवी स्ववित्त संस्थान कर्मचारी (गैर शिक्षक) संघ की वार्षिक आमसभा

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्ववित्त संस्थान कर्मचारी (गैर शिक्षक) संघ की वार्षिक आमसभा 26 सितंबर को की गई। यह आयोजन आईईटी संस्थान के डॉ. मनोहर चंदवानी मेमोरियल हॉल में किया गया।

इस आमसभा में बतौर प्रमुख अतिथि अंजनकुमार घोष राष्ट्रीय महासचिव, अभा विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ, बुद्धसेन पटेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अभा विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ, दीपक दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अभा विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ, शिवशंकर मौर्य महासचिव ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन, धीरेंद्र जाट महासचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ, भोपाल, रूद्र यादव महासचिव इंदौर ट्रेड यूनियन मौजूद रहे।



आमसभा के आरंभ में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्जवलित कर इस आमसभा की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई, तत्पश्चात आमसभा में पधारे सभी सम्माननीय अतिथियों का सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत मनीष जायसवाल, प्रमोद दुबे, योगेश शुक्ला, राकेश निगम, मानसी कोराने, छाया वर्मा, मीना नाहर, सपना सलूजा, मुदिता शाह, सुनीता रायकवार, रणजीत शिंदे, शैलेंद्र शिंदे, राहुल शर्मा, जंग बहादुर, गोपाल सूर्यवंशी, रामेंद्र पुंडीर तथा अन्य ने किया। इस अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्ववित्त संस्थान कर्मचारी (गैर शिक्षक) संघ के सचिव सोहेल परवेज ने संघ के विधान में आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव रखा, जिसे संघ के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से मान्य किया गया। सभा के दौरान कर्मचारियों से सुझाव एवं समस्या आमंत्रित की गई तथा मंच से ही संघ के अध्यक्ष दीपक सोलंकी तथा महासचिव गजेंद्र परमार द्वारा समाधान किया गया। संचालन मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। आमसभा में अभा विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के विशेष आमंत्रित सदस्य सुरेश अग्रवाल, अनिल यादव, पूर्व अध्यक्ष, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ, महेंद्र राठौर, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फोटोग्राफर का स्वागत भी किया गया। आयोजन में विशेष सहयोग महासचिव गजेंद्र परमार, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा तथा जितेंद्रसिंह भाटिया, सचिव सोहेल परवेज, मनीष शर्मा एवं संतोष मौर्य, कोषाध्यक्ष विनय यादव तथा कार्यकारिणी सदस्य मुकेश यादव, अब्दुल रजाक खान, देवीप्रसाद यादव तथा अब्दुल वहाब खान सहित संघ के सभी पदाधिकारियों का रहा। अध्यक्षता अभा विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव तथा संघ के अध्यक्ष दीपक सोलंकी ने की।

# बीजेपी सदस्यता अभियान में चल रहा फर्जीवाड़ा

### कांग्रेस नेता ने एसएमएस स्क्रीनशॉट शेयर कर लगाया आरोप

**इन्दौर ।** कांग्रेस नेता पिंटू जोशी ने बीजेपी के देशभर में चल रहे सदस्यता अभियान को काले धन को सफेद करने का अच्छा तरीक़ा बताते इसमें फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने इसके सबूत बतौर एक मैसेज का स्क्रीन शॉट भी शेयर किया है।

बता दें कि मध्यप्रदेश में सदस्यता अभियान को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कल पत्रकारों से चर्चा की थी। चर्चा के दौरान वीडी शर्मा ने दावा किया था कि सदस्यता अभियान में देश की टॉप 20 विधानभाओं में मध्यप्रदेश की 5 विधानसभा का नाम है। इसके बाद इंदौर के कांग्रेस नेता दीपक (पिंटू) जोशी ने बीजेपी के सदस्यता अभियान पर आरोप लगाते हुए कहा कि इसमें फर्जीवाड़ा हो रहा है। साथ ही दीपक जोशी ने उनके अपने मोबाइल पर सदस्य बनाने को लेकर आये मैसेज का स्क्रीन शॉट सोशल साइट्स पर शेयर किया। स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं दीपक (पिंटू) जोशी गत चुनाव में विधानसभा इंदौर 3 से कांग्रेस प्रत्याशी रहा हूं और वर्षों से कांग्रेस पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता और आजीवन सदस्य हूं। मैं देश के संविधान में विश्वास रखने वाला तथा कांग्रेस की रीति नीति को मानने वाला हूं। कल दिनांक 28 सितंबर को मेरे मोबाइल पर एसएमएस आया कि आपने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता के लिए जो प्रक्रिया की है उसका वेरिफिकेशन कोड यानी ओटीपी भेजा है। इसके बाद ही पिंटू जोशी ने आरोप लगाते कहा कि - प्रश्न यह है कि जब मुझे बीजेपी की सदस्यता लेनी ही नहीं और मैंने कोई प्रक्रिया करी ही नहीं तो मेरे मोबाइल पर एसएमएस कैसे आया? बीजेपी के सदस्यता अभियान का फर्जीवाड़ा इस उदाहरण से साबित होता है। पहले लोगों को बिना जानकारी के सदस्य बनाओगे फिर उन्हीं के नाम से पार्टी में आया चंदा दिखाओगे। अपने काले धन को सफेद करने का यह अच्छा तरीका है।

# जनजातीय वर्ग के युवाओं को स्व-रोजगार एवं वित्त पोषण के रूप में 43.39 करोड़ रूपये वितरित

**इंदौर।** जनजातीय कार्य विभाग के अधीन मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा तीन नई वित्तीय सहायता योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भगवान बिरसा मुण्डा स्व-रोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना और मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना के जरिये जनजातीय वर्ग के युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़कर उनके समग्र कल्याण के तेज प्रयास किये जा रहे हैं। इन तीनों योजनाओं में जनजातीय युवाओं को स्वरोजगार स्थापना व वित्त पोषण के रूप में 43 करोड़ 39 लाख 20 हजार 620 रूपये दिये जा चुके हैं। मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम को %भगवान बिरसा मुण्डा स्व-रोजगार योजना% में 1000 हितग्राही वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31 मार्च 2024 तक कुल 6 हजार 463 आवेदन मिले। इनमें से बैंकों द्वारा 1094 आवेदन मंजूर कर 904 जनजातीय बंधुओं को 33 करोड़ 70 लाख 47 हजार 620 रूपये वित्तीय सहायता दी गई। योजना में जनजातीय युवाओं को विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक लाख से 50 लाख रूपये तथा सेवा व व्यावसायिक गतिविधियों के लिए एक लाख से 25 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके लिए परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना में हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक मोरेटोरियम अवधि सहित निगम द्वारा वहन की जाती है। योजना में इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसका क्रियान्वयन 'समस्त पोर्टल' से किया जा रहा है। पोर्टल पर यह योजना %मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना% से समन्वित होती है। जिलास्तर पर योजना का क्रियान्वयन सहायक आयुक्त/जिला संयोजक/शाखा प्रबंधक, मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम तथा महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है। योजना में वर्ष 2024-25 के लिये सभी जिलों के बैंकों को वार्षिक लक्ष्य दे दिये गये हैं। संबंधित अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन संबंधी निर्देश भी जारी किये गये हैं। इच्छुक व्यक्ति पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के 10 हजार हितग्राही वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध निगम को 31 मार्च 2024 तक 7 हजार 116 आवेदन मिले।


# विद्यार्थियों हेतु वित्तीय सहायता योजना अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

**इंदौर ।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाईट तथा लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत बच्चों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर एक हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक छात्रवृति दी जायेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की तिथि बढ़ाकर अब प्री मेट्रिक की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2024 की गई है। इसी तरह पोस्ट मेट्रिक हेतु अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृति हेतु आवेदन करने के लिए ओटीआर (One Time Registration) एवं फेस ओथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। आवेदन की पात्रता एवं अन्य जानकारी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों को स्पष्ट और पठनीय स्थिति में स्कैन कर अपलोड करना होगा।

# सचिव राजेश वानखेड़े एवं कार्यकारणी को मिली क्लीन चिट

**इंदौर।** डॉ बाबा साहेब आम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष भंते धम्मदीप महाथेरो ने बताया कि भीम जन्मभूमि स्मारक की संस्था, डॉ बाबा साहेब आम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी रज़ी, 2917 इस संस्था के संचालन एवं पदाधिकार्यो की कार्यप्रणाली पर पिछले छः माह से विवाद चल रहे है आरोप प्रत्यारोप के बीच आम्बेडकर जयंती भी निकल गई ! तत्कालीन अध्यक्ष भंते सुमेध बौधी ने 14 अप्रैल जयंती के समय उनके साथ स्मारक पर जिन सदस्यों ने दुर्व्यवहार किया गया जिससे नाराज़ होकर अन्य सदस्यों की सहमति लेकर पाँच सदस्य प्रकाश वानखेड़े शशिकांत वानखेड़े सुनील खण्डेराव राजू अंबोरे प्रकाश निकड़े को संस्था की सदस्यता से निष्कासित कर दिया था । यह कि इन निष्कासित सदस्यों द्वारा छः माह से बिना अध्यक्ष एवं सचिव की जानकारी लिये नवीन रजिस्टर पर आवेधनिक प्रस्ताव लेकर मीडिया और समाज को गुमराह किया ! सचिव राजेश वानखेड़े के खलाफ अवैध प्रस्ताव एवं आरोप लगाए, उसके उपरांत तत्कालिक अध्यक्ष भंते सुमेध बोधी द्वारा एक मई को साधारण सभा आमंत्रित की गई जिसमे सभी ने अध्यक्ष भंते सुमेध बोधी के साथ हुवे दूरव्यवहार पर निंदा प्रस्ताव लाकर निष्कासित सदस्यों के प्रस्ताव का अनुमोदन किया ! उन्होने बताया कि, निष्कासित सदस्य प्रकाश वानखेड़े द्वारा भंते का रूप लेकर स्वयं को अध्यक्ष घोषित कर अन्य को अवैध कार्यकारणी बनाई गई तथा भ्रमक प्रचार किया जा रहा है हमने सभी को चिन्हित किया सभी को मानहानि एवं अन्य विषय पर नोटिस जारी किए जा रहे है! प्रकाश वानखेड़े मई तक सोशल मीडिया पर कई पत्रों में उनके हस्ताक्षर बेटे की शादी की पत्रिका में नाम और अचानक चार दिन में रूप धारण और अवैध अध्यक्ष बौद्ध भिक्षु होने के लिए पहले श्रामणेर होना पड़ता है सर के बाल हटा कर भगवा वस्त्र धारण कर तीन से पांच साल के बीच उसी बौद्ध भिक्षु के साथ रहना पड़ता जिसने श्रामणेर की दिशा दी है, इसके उपरांत आपको भिक्षु संघ के सामने परीक्षा देना होती है जिसमे दस थैरो मतलब 11 साल पुराने भिक्षु बीस महाथेरो मतलब 25 साल पुराने इन भिक्षु व्दारा सीमा तय की जाती है और उस स्थान को चुना जाता है, उसी स्थान पर व श्रामणेर को उपसंपदा देकर भिक्षु बनता है। सहा पंजीयक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को पत्र देकर स्पष्ट कर दिया है कि अभी तक जितनी शिकायत हुई है ज्ञापन हुआ है ! किस में भी जाँच योग्य दस्तावेज नहीं दिए गए इससे शिकायत कार्यवाही योग्य नहीं है तथा जाँच नहीं की सकती ! इसके अतिरिक्त राजेश वानखेड़े द्वार एक मई को किए गए चुनाव की प्रमाणित कॉपी हमारे कार्यालय से जारी की जा चुकी है ! राजेश वानखेड़े वानखेड़े को क्लीन चिट एवं एक मई को किए गए चुनाव की लिस्ट को वैध माना गया ।

## मेरा कॉलम



## गांव

गांव की एक छोटी सी गली में, एक पुरानी हवेली के अहाते में, हम सब शाम के वक्त बैठे हुए थे। हवेली के मालिक ने हमें यहां ठहरने के लिए आमंत्रित किया था। हवेली के अहाते में एक बड़ा कुत्ता जंजीर से बंधा हुआ था। उसके आसपास, दो छोटे, आवारा कुत्ते अक्सर घूमते रहते थे। ये सड़किया कुत्ते थे, जो गांव की गलियों में बेतरतीब तरीके से घूमते रहते थे, कभीकभी भौंकते और कभीकभी कुछ तलाश करते रहते थे। जब हवेली का कुत्ता बाहर आता था, तो ये सड़किया कुत्ते उसके इर्दगिर्द मंडराने लगते। वे बड़े ध्यान से उसे देखते, फिर इधरउधर घूमते और वापस आकर उसे ताकते। हवेली का कुत्ता उन्हें देखकर भौंकता, जिससे सड़किया कुत्ते डरकर भाग जाते, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर वापस आकर उसे घूरने लगते। मेज़बान ने कहा, यह हमेशा का सिलसिला है। जब भी हमारा कुत्ता बाहर आता है, ये दोनों सड़किया कुत्ते उसे देखना नहीं छोड़ते। मैंने कहा, लेकिन यह कुत्ता उन्हें भौंक क्यों रहा है? यह तो एक बड़ा और सुविधाभोगी कुत्ता है, जो जंजीर और पट्टे में बंधा रहता है। जबकि वे दोनों कुत्ते भुखमरे और आवारा हैं। इसका उन पर भौंकना कितना अजीब है, जबकि दोनों के बीच कोई समानता नहीं है। रात को हम सभी बाहर ही सोने का निर्णय लिया। हवेली का कुत्ता भी अपने तखत पर बंधा हुआ सो रहा था। रात के अंधेरे में, जैसे ही सड़किया कुत्ते भौंकते, यह हवेली का कुत्ता भी उनके साथ भौंकने लगता। इसका भौंकना उनकी आवाज में मिल जाता, जैसे वह उन्हें आश्वस्त कर रहा हो कि मैं भी यहां हूँ, तुम्हारे साथ हूँ। मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ। यह कुत्ता जो उच्चवर्गीय दिखता है, अचानक क्यों सड़किया कुत्तों के साथ मिलकर भौंकने लगा? क्या यह भी उनके साथ अपने आपको जोड़ने की कोशिश कर रहा है? मुझे लगता है कि यह कुत्ता केवल अपने उच्चवर्गीय होने का ढोंग करता है, जबकि असल में वह सड़किया कुत्तों के साथ मिलकर भौंकने लगता है। हमारे गांव में एक साहब के पास भी दो कुत्ते थे। वे बिल्कुल अलग थे। उन कुत्तों का व्यवहार बहुत ही खास था। वे कभी भौंकते नहीं थे, चाहे कितनी भी शोरशराबा हो। आसपास के कुत्ते भौंकते रहते, लेकिन वे एकदम शांत रहते। लोग बाहर आतेजाते, लेकिन वे कभी झपटते नहीं थे। उनका आत्मगौरव और शांति दोनों ही अद्वितीय थे। अब जब मैं उस हवेली के कुत्ते को देखता हूं, जो सड़किया कुत्तों के साथ मिलकर भौंकता है, तो मुझे लगता है कि यह कुत्ता खुद को उच्चवर्गीय दिखाने का ढोंग करता है, लेकिन सच में वह सड़किया कुत्तों के साथ मिलकर भौंकने लगता है। यह एक प्रकार का मध्यवर्गीय चरित्र है, जो खुद को उच्चवर्गीय मानता है और संकट के समय सड़किया कुत्तों के साथ मिलकर भौंकता है। तीसरे दिन रात को जब हम लौटे, तो देखा कि हवेली का कुत्ता पूरी तरह थका हुआ और परेशान पड़ा था। हमारी आहट पर भी उसने भौंकने की कोशिश नहीं की। इससे यह स्पष्ट हो गया कि वह अपने उच्चवर्गीय दिखावे के बावजूद, अपने असली स्वभाव को छुपा नहीं सका। उसके साथ, मैं भी यही सोचने लगा कि शायद हमें अपने भीतर की सच्चाई को समझने की जरूरत है और अपने बाहरी दिखावे से ज्यादा अपने असली स्वभाव पर ध्यान देना चाहिए।

## सदस्यता महा अभियान के द्वितीय चरण को लेकर जिला भाजपा की बैठक आज



**मंदसौर।** भोपाल में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित सदस्यता महा अभियान को लेकर संपन्न समीक्षा बैठक में मिले निर्देशानुसार जिला भाजपा मंदसौर की सदस्यता महाअभियान के द्वितीय चरण को लेकर आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर आज 30 सितंबर दोपहर 1ः00 बजे रखी गई है। जानकारी देते हुवे भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया कि बैठक में 1 अक्टूबर 2024 से जिले में प्रारंभ हो रहे सदस्यता महा अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत हाल ही में संपन्न हुवे लोकसभा चुनाव में मंदसौर जिले में भाजपा को प्राप्त हुवे मतों के बराबर सदस्यता बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

## दशपुर इनरव्हील क्लब ने 4 शिक्षिकाओं को इनरव्हील एजुकेशनिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया



**मन्दसौर।** दशपुर इनरव्हील क्लब मंदसौर ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न सेवा प्रकल्प आयोजित किये। क्लब द्वारा मंदसौर शहर के 4 शिक्षिकाओं डॉ. आरती जैन, डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव, श्रीमती सुनिता गोधा व श्रीमती टीना राठौड़ को इनरव्हील एजुकेशनिस्ट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष मेघा पोरवाल ने बताया कि क्लब द्वारा सम्मानित शिक्षकों में डॉ. आरती जैन प्राचार्य होकर डायरेक्टर और रिलेशनशिप ऑफिसर, एन.एच.सी.ए. सिंगापुर व करियर काउंसलर भी है। डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव को शिक्षण कार्य का 35 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने हिन्दी व संस्कृत में पीएचडी की है। उनकी ''भास के रूप में नारी पात्र'' पुस्तक जल्द ही प्रकाशित हो रही है। श्रीमती सुनीता गोधा जिन्हें हाल में राष्ट्रपति के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्होनें पढ़ाई छोड़ रही 1100 बालिकाओं को पढ़ाई से जोड़े रखा। टीना राठौर बचपन और वेदांता स्कूल की प्राचार्य है। मेघा पोरवाल ने बताया कि इनरव्हील एजुकेशनिस्ट अवार्ड शहर की उन प्रतिभाशाली महिला अध्यापकों को दिया गया है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष व अलग पहचान बनाई है। इसके साथ ही एक और प्रकल्प जिसमें फर्स्ट् क्राय इंटेलीटोट्स प्री स्कूल के छोटे बच्चों को नर्सरी दिखाई और उन्हें प्राकृतिक फल आंवला दिये। एक और प्रकल्प के रूप में उर्वशी बेलानी द्वारा सेंट थॉमस की 2 प्रतिभाशाली छात्राओं को जेईई परीक्षा की तैयारी के लिये एलेन और फिजिक्स वाला का कोर्स उपलब्ध कराया। इन अवसरों पर सोनम मेहता, सुरक्षा चौधरी, राखी परवाल, नेहा संचेती, अनुभा उकावत, शालु डोसी, श्रेहा जैन, प्रीति रत्नावत आदि उपस्थित थे। आभार क्लब सचिव सोनम मेहता ने माना।

# अब मजदूरों के लिए मारामारी हो गई शुरू





**जावरा ।** बारिश के बीच सोयाबीन की फसल खेतों में लहलहाने लगी है। जिसको काटने के लिए क्षेत्र में अब झाबुआ कि ओर से आदिवासी मजदूरों के आने का क्रम शुरू हो गया है। प्रतिदिन शहर के प्लेटफार्म सहित अन्य स्थानो पर मजदूरों को ले जाने के लिए सोयाबीन कटवाने वाले वाहन सहित पहुंच रहे है, लेकिन इसके बाद भी मजदूर नही मिल पा रहे है। सोयाबीन की कटाई को लेकर अब मजदूरों की मारामारी शुरू हो गई जिसका सीधा असर सरकारी निर्माण कार्य सहित अन्य निर्माण कार्यो पर पड़ेगा।

### ऊंची दर चूकाना पड़ रही है

खेतो में लहलहाने वाले पीले सोने (सोयाबीन) की कटाई को लेकर इन दिनों में मजदूरों को लेकर उहापोह की स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय मजदूरों के अलावा झाबुआ की ओर से आने वाले आदिवासी मजदूरों से भी पुर्ति नही हो पा रही है जिसको लेकर सोयाबीन कटवाने के लिए ऊंची दर चूकाना पड़ रही है। पिछले 5 दिनों से बारिश होने के बाद अब कृषक खेतो में खड़ी फसल को बारिश के पूर्व काटने को लेकर प्रयासरत है, लेकिन ऐसे में सबसे बड़ी चुनोती मजदूर मिलना है।

### अन्य कार्यो में भी

### मजदूरों का टोंटा

सरसी के कृषक संजय डांगी ने बताया बारिश के बीच पक चुकी फसल को तुरंत काटने में किसान किसी भी तरह की जोखिम नही उठाना चाहता है। जिसको लेकर ऊंचे दाम चुकाकर देहाती मजदूरों को रखकर फसल काटने का काम किया जा रहा है। सोयाबीन की कटाई का काम शुरू होने से शहर में अब मजदूरों की कमी होने लगी जिससे अन्य कार्यो के लिए मजदुर नही मिल पा रहे है। भीमाखेड़ी के किसान किशोर पाटीदार ने बताया बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल नष्ट नही हो इसको लेकर ऊंची दर पर मजदूर करके फसल कटवाई जा रही है ताकि सोयाबीन की फसल फुटने से उसको बचाया जा सके।

### लगेगा सरकारी निर्माण कार्य पर ब्रेक

सोयाबीन की कटाई शुरू होने से इसका सबसे बड़ा असर सरकारी निर्माण कार्यो पर पड़ता है। सुत्रों अनुसार सरकारी निर्माण कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर पर मजदूरों को कार्य पर रखा जाता है जबकि सोयाबीन कटाई में मजदूरों को खासी आवक हो जाती है। जिसको लेकर मजदूर निर्माण कार्य में रूचि नही लेते हुए सोयाबीन काटने पर विशेष ध्यान देते है। ऐसे में ठेकेदारों के सामने मजूदरों की फजीहत होने से उनके द्वारा सरकारी निर्माण कार्य लगभग बंद से हो जाते है।

### प्रति मजदूर 500 से 700 रूपए

सोयाबीन काटने के लिए वर्तमान में प्रत्येक मजदूर को 500 से 700 रूपए तक का भुगतान किया जा रहा है। जिससे मजूदरों के लिए सोयाबीन की कटाई का सीजन काफी सौगात लेकर आता है। स्थानीय मजदूर तो ठीक झाबुआ सहित अन्य स्थानों के आदिवासी मजदूर परिवार सहित इस कार्य में जुट जाते है। कई आदिवासी तो ग्रामीण क्षेत्र में ढेरा डालकर रहते है। जिससे संबंधित कृषक को आवागमन खर्च की बचत हो जाती है। जबकि स्थानीय मजदूरो को प्रतिदिन खेत से शहर तक वाहन से छोडने के लिए आना पड़ता है जिससे कृषको को अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता था।

## सेंटपॉल के विद्यार्थी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुए रवाना



**जावरा ।** सेंटपॉल कॉन्वेंट स्कुल के विद्यार्थी संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। उक्त प्रतियोगिता 28 से 30 सितंबर तक मंदसौर में आयोजित होगी। जिसमें राज्य भर से प्रतिभाशाली छात्र छात्राएं अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। संभागीय प्रतियोगिता में सेंट पॉल स्कुल के हरिओम ठाकुर, मोक्ष दायम, नेहल खान, धीरेंद्रसिंह सोलंकी, यतींद्रसिंह सोलंकी का चयन जिला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किया गया था। प्राचार्य देवेंद्र मूणत ने कहा कि हमारे छात्र छात्राएं पूरी तरह से तैयार हैं और हमें विश्वास है कि वे संभाग स्तर पर भी अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे। मैनेजर भाविक मूणत ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने पूरे साल कड़ी मेहनत की है और वे इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं। हम संभाग स्तर पर अपनी जीत का परचम लहराने की उम्मीद कर रहे हैं।

## दशहरा उत्सव को लेकर मारूति नंदन उत्सव समिति की बैठक संपन्न



**जावरा ।** मारुति नंदन उत्सव समिति द्वारा 12 अक्टुबर को रावण दहन को लेकर गांधी कॉलोनी स्थित चित्रांश कम्प्यूटर सेंटर पर बैठक संपन्न हुई। रात 8.30 बजे 51 फीट का रावण दहन किया जाएगा। साथ ही चौपाटी दशहरा स्थल पर बच्चों के मनोरंजन के लिए गेम जोन, फूड जोन के साथ नगर का गौरव बढाने वाले नागरिकों का सम्मान भी किया जाएगा। नगर की शैक्षणिक संस्थाओ द्वारा नाटक मंचन भी प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में एडवोकेट आईपी त्रिवेदी, अजय कर्नावट, डॉ. दिलीप शाकल्य, देवेन्द्र शर्मा, कीर्तिशरण सिंह, एडवोकेट देवेन्द्र भटनागर, प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद चौरसिया, रवि दुग्गड़, राजेन्द्र त्रिवेद्वी, अमित ताम्रकार, दिलीप राठौर, विजय कुमार, वीरेन्द्रसिंह चौहान, सतीश उपाध्याय, वीरेन्द्रसिंह तोमर, विकाश शर्मा, पवन भावसार, संजय आचार्य, श्याम शर्मा आदि उपस्थित थे।

## संकुल संगठन की बैठक में 21 ग्राम संगठन के पदाधिकारी हुए शामिल

कालुखेड़ा ।

प्रतिभा आजीविका संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा संपन्न हुई। बैठक में 21 ग्राम संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। मॉडल सीएलएफ प्रतिभा आजीविका संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा सामुहिक प्रार्थना कर प्रारंभ की गई।



जिसमें विभिन्न कार्यो का अनुमोदन कर सीएलएफ में वैधानिक अंकेक्षण के प्रतिवेदन का वाचन पूर्ण करवाया। आमसभा में नवीन सीएलएफ भवन के निर्माण तथा वर्तमान में पंचायत द्वारा प्रदाय भवन में बैठक के लिए आवश्यक संसाधनों के प्रस्ताव पारित कर समस्त ग्राम संगठनों के आंतरिक अंकेक्षण करवाए जाने के लिए 30 सितंबर की समय सीमा का निर्धारण करवाया तथा आगामी 2 दिन में आजीविका पंजी पूर्ण करवाए जाने के लिए चर्चा कर कार्य पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। साथ ही निष्क्रिय समूहों जो कि लोकोस में किए गए है उनके समस्त समूहों को 5 दिन में पूर्ण करवाए जाने का निर्णय लिया।

शेष समूहो एवं सदस्यों की प्रविष्टि लोकोस में पूर्ण करने के साथ ही वित्तीय लेनदेन की कार्ययोजना की समीक्षा एवं आगामी कार्ययोजना का प्रस्ताव पारित करते हुए ऋण वापसी समूह से ग्राम संगठन व पुनः संकुल संगठन में करवाए जाने पर संकुल कोषाध्यक्ष ने चर्चा की। इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सदस्यों को स्वच्छता की शपथ विकासखण्ड प्रबंधक (एनआरएलएम) आरएस परमार द्वारा दिलवाई गई। इस मौके पर ग्राम संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शिवपुरी गोस्वामी की स्मृति में वाटर कुलर ओर एलईडी की भेंट

**पिपलोदा ।** स्व. शिवपुरी गोस्वामी के श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम में पुत्र संजय पुरी, मनोहर पुरी एवं दशरथ पुरी गोस्वामी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर वाटर कुलर एवं एलईडी बीएमओं डॉ. पवन पाटीदार को भेंट की गई। साथ ही नवीन बस स्टेण्ड पर वाटर कुलर लगाया जा रहा है। चिरायु हॉस्पीटल को सेक्शन मशीन भेंट की। नेक कार्य के लिए रतलाम मंडल महंत भंवरगिरी और अध्यक्ष महंत प्रकाश गिरी ने तीनों पुत्रो का शालश्रीफल से स्वागत कर सम्मान किया।

## 68 वीं एसजीएफआई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महावीर के 3 विद्यार्थी चयनित



प्रधी सिंह (अंडर-17) इक्षिता जाट (अंडर-14) अर्हम शेखावत (अंडर-14)

**जावरा ।** महावीर जैन नेशनल स्कुल के छात्रों ने आगर और उज्जैन में आयोजित डिवीजन स्तर के अंडर14, अंडर17 और अंडर19 बास्केटबॉल टूर्नामेंट में सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महावीर जैन नेशनल स्कुल के तीन होनहार छात्र प्रधि सिंह, इक्षिता जाट और अर्हम शेखावत का चयन 68 वीं एसजीएफआई (स्कुल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए किया गया है। जो 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गुना में आयोजित होगी। अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए होगा। इस उपलब्धि पर महावीर जैन नेशनल स्कुल के डायरेक्टर डॉ. अश्विन गंगवाल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे स्कुल के लिए एक अत्यंत गर्व का क्षण है। हमारे छात्र न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे है, जो उनके समग्र विकास का प्रमाण है।

## नारी शक्ति संकुल स्तरीय संगठन ढोढर की वार्षिक बैठक संपन्न

**ढोढर ।**

विकासखण्ड जावरा की नारी शक्ति संकुल स्तरीय संगठन ढोढर की वार्षिक आमसभा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ की गई। इस दौरान इतनी शक्ति हमे देना दाता प्रार्थना सामूहिक रूप से की गई।



संकुल की आमसभा में 13 ग्राम संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रातः11.30 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 3.30 बजे तक संचालित की गई। जिसमें निम्नांकित कार्यो का अनुमोदन करवाया गया। बैठक में सीएलएफ कर्मचारियों, मैनेजर व लेखपाल के रखने हेतु प्रस्ताव पारित करवाया। साथ ही सीएलएफ में वैधानिक अंकेक्षण के प्रतिवेदन का वाचन व आपत्ति पूर्ण करवाया गया। साथ ही नवीन सीएलएफ भवन के निर्माण तथा वर्तमान में पंचायत द्वारा प्रदाय भवन में बैठक के लिए आवश्यक संसाधनों के प्रस्ताव पारित कर, ग्राम संगठनों के आंतरिक अंकेक्षण करवाए जाने के 30 सितंबर तक की समय सीमा का निर्धारण करवाया। वहीं आगामी 2 दिनों में आजीविका पंजी पूर्ण करवाए जाने का निर्णय लिया गया। निष्क्रिय समूहों जो कि लोकोस में किए गए है उनके समस्त समूहों को 5 दिन में पूर्ण करवाए जाने तथा वित्तीय लेनदेन की कार्ययोजना की समीक्षा एवं आगामी कार्ययोजना का प्रस्ताव पारित किया। ऋण वापसी समूह से ग्राम संगठन व पुनः संकुल संगठन में करवाए जाने पर संकुल कोषाध्यक्ष ने चर्चा की।

उक्त कार्यक्रम में पंचायत सरपंच जगदीश माली ने महिलाओं से आगे बढकर कार्य करने की बात कही। जिला पंचायत से सहायक जिला प्रबंधक अभिलाष सोनी, ब्लॉक प्रबंधक नाथूलाल मुनिया, सहायक वि.ख. प्रबंधक रश्मि बिलवाल, अनिल चौहान, सहायक सचिव दीपक सोलंकी, सीएलएफ सचिव मंजुबाई उपस्थित थे। इस दौरान वर्षभर में किए गए उत्कृष्ट कार्यो हेतु संकुल की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संचालन अनिल चौहान ने तथा आभार संकुल मैनेजर बुलाक मालवीय ने माना।

# जिन एरियों में गरबे होगे उन क्षेत्रों में सीसी कैमरे लगाना अनिवार्य

**जावरा।**

आगामी दिनो में मनाए जाने वाले पर्वो पर की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में एडीशनल एसपी राकेश खाखा, एसडीएम त्रिलोचन गौड़ जावरा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश आर्मो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक शाम 7 बजे नगर पालिका सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में तहसीलदार संदीप इवने, शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रपालसिंह जादौन, नपा कर्मचारी सहित शांति समिति के सदस्यगण, गणमान्य नागरिक तथा संबंधित विभागो के अधिकारीगण के साथ नवदुर्गा उत्सव मंडलों के कर्ताधर्ता बैठक में मौजुद रहे।

एसडीएम ने आगामी दिनों में नवरात्रि, दशहरा विजयादशमी, दीपावली आदि पर्वो पर की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने त्यौहारो पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में अपनेअपने सुझाव भी दिए। इस दौरान एसडीएम एवं सीएसपी ने नागरिकों से अपील की है कि नगर के सभी धर्मो के त्योहार आपसी भाई चारे, सद्भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए। इन त्यौहारो पर प्रशासन द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं में अपना सहयोग दे। वहीं गरबा मंडलों को



सख्त निर्देश दिए गए है कि जिन क्षेत्रों में गरबा हो रहे है, उन्हे सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है।

### थाने में दे सदस्यों के नाम व मोबाईल नम्बर

एएसपी राकेश खाखा ने झांकी समितियों के संचालकों से कहा कि झांकी की स्थलों पर 24 घंटे समिति का कम से कम एक जिम्मेदार व्यक्ति आवश्यक रूप से रहे। जिसके नाम व मोबाईल नंबर भी संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी व राजस्व अधिकारी को दिए जाए। साथ ही झांकी समितियों को निर्देश दिए कि झांकियों में प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत वितरण कंपनी से अस्थाई विद्युत कनेक्शन भी आवश्यक रूप से प्राप्त करे।

### 7 बजे बाद बड़े वाहन होंगे लॉक

सीएसपी दुर्गेश आर्मो ने तीन पहिया व चार पहिया वाहनो की इंट्री बाजारो में 7 बजे बाद बंद करने के निर्देश दिए है। उन्होने जवानो को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि 7 बजे बाद कोई बड़ा वाहन मुख्य बाजारो में इंट्री न कर पाए। बावजूद कोई नही मानता है तो नियमानुसार चालन बनाए। वही सोमवारिया में दुर्गा माता स्थित मंदिर पर अधिक भीड़ होने के कारण जवानों को तैनात रहने के निर्देश दिए।

### प्रकाश व्यवस्था पर जताई नाराजगी

बैठक में इस बार गणमान्य नागरिकों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौत्री से लोग परेशान है। पर्व पर बिजली सुचारू रूप से रहे इसके निर्देश भी अधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारी को दिए। शहर में हो रहे गड्डे पर्व से पूर्व भरवाने का आश्वासन भी एसडीएम गौड़ ने गरबा मंडल संचालकों को दिया।

## शारीरिक मानसिक विकृतियों से मुक्त का मार्ग योग - प्रकाश व्यास



**रतलाम।** समाज का हर वर्ग शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकृतियों की धाराओं में घिरकर रोगों से लड़ना पड़ जाता है यह पीड़ा अधिवक्ताओं के जीवन को भी प्रभावित करती हैं इस मुक्ति की और अधिवक्ताओं के लिए योग जीवन रुपांतरण की नींव मजबूत करेगा यह बात वरिष्ठ समाजसेवी पेंशनर्स ऐसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने अजंता पैलेस स्थित मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में रतलाम में चल रहे तीन दिवसीय निःशुल्क इंटिग्रेटेड योग शिविर समापन अवसर पर कहीं मुख्य अतिथि अखिल श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज नवयुग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश मनोहर जोशी सम्मिलित होकर कुशल योगाभ्यास किया योग सर्व समाज के लिए जन अभियान बनें इस और युवा जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी नित्येन्द्र आचार्य न्याय विभाग से धीरज राय एडवोकेट विनोद माली आलोट के प्रयासों से योग शिविर सम्पन्न हुआ विशेष तौर पर युवा राज्य प्रभारी प्रेमा राम पुनिया द्वारा योगाभ्यास कराया गया पतंजलि योगपीठ हरिद्वार 3 से 7 अक्टूबर 2024 पांच दिवसीय मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में जा रहे डॉ हर्षित राठौर, डॉ प्रदीप जैन, विनोद माली, दुर्गा शंकर खिची, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य चंदनमल घोटा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड समन्वय शैलेंद्र सिंह सोलंकी को शुभकामनाएँ व्यक्त की अधिवक्ता योग साधकों ने अपने अनुभव साझा किए आभार राजेश चांदवानी ने किया।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ



**रतलाम।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में महोत्सव की शुरूआत महासभा के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल गौरव कपल ग्रुप के अध्यक्ष विवेक झंडी वाला महासभा उपाध्यक्ष सपना झंडीवाला भवन संचालन समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष मांगीलाल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल ,रजनीश गोयल ,प्रहलाद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल द्वारा पूजा अर्चना कर की गई भगवान सत्यनारायण भगवान की कथा पंडित श्री योगेश्वर शास्त्री एवं उनकी टीम द्वारा भगवान की संगीतमय कथा की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे कथा वाचन करते हुए पंडित योगेश्वर शास्त्री जी ने बताया की भगवान कहते हैं कि मनुष्य सत्य और प्रेम के प्रति समर्पित रहे तो जीवन आनंद वैभव और उत्सव से भर जाता है और ईश्वर आपकी सभी मनोकामना पूर्ण करता है और यदि आप अपने दृढ़ निश्चय से अलग हुए तो ईश्वर भी आपकी सहायता नहीं करता है बीच-बीच में सारी दुनिया है राधे रानी की दीवानी, राधे राधे बरसाने वाली राधे जैसे सुमधुर भजनों ने समाज जनों का मन मोह लिया कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की जीवंत प्रस्तुति एवं माता महाकाली द्वारा पापीयो एवं राक्षसों का नाश करते हुए अपने रूद्र रूप का दर्शन करते हुए हुए जीवंत नाट्य प्रस्तुति दी गई अग्र गौरव ग्रुप के श्रीमती चारुता पीयूष अग्रवाल, श्रीमती अपूर्व राहुल, श्रीमती अंजू सौरभ, श्रीमती सपना उमेश, श्रीमती वनश्री पीयूष, श्रीमती राम अखिलेश, श्रीमती वेदिका कपिल, श्रीमती श्वेता आशीष, श्रीमती अंजलि अंकित, श्रीमती शानू सुमित अग्रवाल,पल्लवी अंकुर अग्रवाल, पूनम रवि अग्रवाल,सोनम पवन अग्रवाल द्वारा इस कार्यक्रम संयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता नीलू अग्रवाल ने दी।

## वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी को रेलवे पेंशनर्स ने ज्ञापन दिया



**रतलाम।** सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती अरिमा भटनागर को पेंशनरों की 6 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन भेंट किया।संगठन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया कि वर्तमान में पेंशनर 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को एक वेतन वृद्धि के निर्णय को लेकर असमंजस की स्थिति में है,कोर्ट ने निर्णय भी दिया है, इसी के साथ सेवानिवृत कर्मचारियों के कॉम्प्यूटेशन की वैल्यू को लेकर भी पेंशनर जानकारी नहीं होने से परेशान है जिस पर श्रीमती भटनागर ने बताया कि इस संबंध में हमें कोई आदेश प्राप्त नहीं है और नहीं हमारी तरफ से किसी प्रकार की पेंशनर से जानकारी लेने के लिए कोई दस्तावेज जारी किया है,आदेश आएंगे उसके बाद ही कार्रवाई होगी।एक अन्य मामले में कर्मचारी आबीद हुसैन मीर कार्यालय अधीक्षक वाणिज्य शाखा जो की मई माह में सेवानिवृत हुए उन्हें अभी तक पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है जो निश्चित ही एक बैंक की कार्य प्रणाली से पेंशनर परेशान हो रहा है।आपने कहा कि विधवा पुत्री जयंती व्यास एवं अविवाहित पुत्री सुश्री उषा भार्गव (लेखा विभाग) के प्रकरण पर कार्रवाई नहीं हुई है जबकि जयंती व्यास का प्रकरण लेखा विभाग को भेजा जा रहा है।पेंशनर एसोसिएशन में चर्चा के दौरान यह आपत्ति उठाई कि बैंक द्वारा सीधे ही कटौती कर दी जाती है तथा कर्मचारियों पेंशनर को नहीं बताया जाता है प्रकरण तेन सिंह त्रिलोकसिंह के प्रकरण में 7071 रुपए की कटौती बैंक द्वारा कर ली गई है। इंस्टिट्यूट में सदस्यता पेंशनर को भी दी जाए इस पर भी चर्चा की।चर्चा के दौरान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के साथ अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर श्रीमती भटनागर का पेंशनर पदाधिकारी प्रकाश व्यास, रामखेलावन कूमायूं ,देवेंद्र वर्मा, आर एस झाला ,मृत्युंजय टंडन,सुधीर दुबे,आदि द्वारा स्वागत कर ज्ञापन दिया गया।





# पुलिस मैदान पर आयोजित की गई बलवा मार्कडील

**रतलाम।**

**आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति सौहार्द का वातावरण बना रहे इस हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में रतलाम पुलिस हर प्रकार की परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्ण तैयारी कर रही है।**

इसी तारतम्य में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड पर बलवा ड्रिल परेड कराई गई। जिसमें रतलाम एवं जावरा अनुभाग के थाना, चौकी एवं कार्यालयों में पदस्थ पुलिस कर्मियों को बलवा ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस व पब्लिक पर पथराव कर रहे दंगाइयों को तितर बितर कर नियंत्रित करने का अभ्यास किया गया। बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल में पुलिस जवानों की अलग अलग टीम बनाई गई जिसमें टियर गैस पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी बनाकर अपना अपना कार्य समझाया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह है कि कानून व्यवस्था ड्यूटी, धरना प्रदर्शन इत्यादि के दौरान विपरीत परिस्थितियों में पुलिसकर्मी अपनेआप को सुरक्षित रखते हुए अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे, एस डी ओ पी रतलाम अभिलाष भलावी, एसडीओपी जावरा शक्ति सिंह चौहान, सीएसपी जावरा दुर्गेश आर्मो, डीएसपी यातायात अनिल राय, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, सूबेदार मोनिका सिंह चौहान थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बरसाते पानी में हुआ अभ्यास

बरसते पानी के बीच सीएसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारियों समेत बल ने बलवा परेड की। इस दौरान एक टुकड़ी प्रदर्शनकारियों के रूप में तो दूसरी पुलिसबल के रूप में मौजूद रही। प्रदर्शनकारियों के रूप में टुकड़ी ने पुलिस मैदान पर उपद्रव किया और नारेबाजी करते हुए आगजनी भी कर दी। पुलिस अधिकारियों ने निर्देशित किया वैसे ही लोहे की जालियों, हथियारों और लाठियों के साथ पुलिस बल ने उन्हें रोकने के लिए प्रयास किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए 3 आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए और चार राउंड फायर भी किए गए। पुलिस टीम ने बरसात के बीच आंसू गैस भी छोड़ी और फायर भी किए। हंगामे में 3-4 प्रदर्शनकारी और 5 पुलिसकर्मी घायल हुए जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती करने की ड्रिल भी की गई। अंत में सीएसपी ने मैदान पर ही मौजूद एसपी अमित कुमार को आकर पूरे मामले की ब्रीफिंग भी दी।

### फ्लेग मार्च और गश्त रहेगी जारी

एसपी अमित कुमार ने बताया कि आने वाले नवरात्रि के त्यौहार और जिले में चल रही अन्य गतिविधियों को लेकर रविवार को यह परेड की गई। इसमें पुलिसकर्मियों को वास्तविक परीस्थिति से निपटने के लिए ट्रेनिंग भी मिली और कमियों पर निगरानी रखकर उन्हें भी तत्काल दूर करवाया गया। आने वाले दिनों में फ्लेग मार्च भी निकाला जाएगा और गश्त भी बढ़ेगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध परीस्थिति की सूचना पुलिस को दें।

# चोरी गया वाहन पकड़ने पर 10 हजार एवं चोरी करने के उपकरण जप्त करने पर 5 हजार का मिलेगा इनाम मिलेगा-एसपी

**रतलाम। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा रतलाम शहर मे थानो पर तैनात चीता पार्टी की मिटिंग ली गई जिसमें क्षेत्र की अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के संबंध में चीता पार्टी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 15 दिवस में चीता पार्टी द्वारा किये गये कार्य की समीक्षा मीटिंग ली जावेगी।**

किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से चोरी में उपयोग किये जाने वाले उपकरण (कटर, पाना आदि) जप्त करने पर संबंधित चीता को 5 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जावेगा। चीता पार्टी अपने क्षेत्र के मंदिर, मस्जिद एवं अन्य धार्मिक स्थल एवं अवैध गतिविधियों के स्पॉट आदि की जानकारी हेतु पॉकेट डायरी के साथ भ्रमण/चेकिंग डायरी रखेगी।

चीता पार्टी द्वारा होटल, लॉज, धर्मशाला, बैंक, कॉलोनी, गुंडे, बदमाश, गोल्ड लोन कम्पनी, एटीएम आदि की सतत् चेकिंग कर अपनी साप्ताहिक डायरी में इसका उल्लेख करेंगें।

### समीक्षा की जाएगी

चीता पार्टी द्वारा सप्ताह में किये कार्य की साप्ताहित डायरी पुलिस अधीक्षक को भेजना अनिवार्य होगा जिसकी समीक्षा पुलिस अधीक्षक द्वारा की जावेगी।

### मिलेगा इनाम

गश्त में या भ्रमण के द्वौरान तथा वीडीपी पोर्टल के माध्यम ये चोरी गया वाहन पकड़ने पर संबंधित चीता को 10 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जावेगा। शहर में सतत् भ्रमण कर संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों की चेंकिग की जावेगी चेंकिग के दौरान चाकु या अन्य हथियार पकड़ने पर चीता पार्टी को नगद पुरूस्कार से दिया जावेगा।

### तेज रफ्तार से बाईक चलाकर कट मारने वालो पर कार्रवाई

शहर में तेज रफ्तार से बाईक चलाकर कट मारने वाले बाइकर को चिन्हित कर समझाईश दी जाकर आवश्यक होने पर वैधानिक कार्यवाही की जावे। प्रत्येक चीता को दिये गये निर्देश कढाई से पालन किया जावेगा एवं लापरवाही बरतने वाले चीता पर सख्त कार्यवाही की जावेगी।

## पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में चलाई जा रही मुहिम में रक्षित निरिक्षक के नेतृत्व में पुलिस लाइन बल द्वारा बीती रात महू-नीम हाइवे पर तीन ढाबे पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जप्त की गई। रॉयल ढाबा से घनश्याम पिता पूनमचंद 45 साल निवासी नयापुरा से 55 क्वाटर अंग्रेजी शराब,25 बियर,03 क्वाटर देशी प्लेन शराब जप्त की गई। कैफे एंड रेस्टोरेंट पर अनिल पिता कैलाश बोराना 30 साल निवासी बंजली से 24 क्वाटर देशी शराब,33 बियर 30 क्वाटर अंग्रेजी शराब जब्त की तथा रॉयल राजवाड़ी ढाबा पर दीपेश उर्फ गोलू पिता जगदीश सिंह नेगी 32 साल निवासी विनोबा नगर रतलाम से 11 बियर 34 क्वाटर अंग्रेजी शराब जप्त की है। तीनो के आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

## झाली तालाब में मछलियां मृत होने की जानकारी पर कार्रवाई की गई



**रतलाम।** स्थानीय झाली तालाब में मछलियां मृत होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देश पर जिला मत्स्य विभाग एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए स्थिति पर नियंत्रण किया गया। उपसंचालक मत्स्य श्रीमती सोना यादव ने बताया कि तालाब में चुना डाला जाकर उपचार किया गया। इसके साथ ही ऑक्सीजन उत्पन्न करने हेतु अन्य कार्रवाई भी की गई।

# सही पोषण एवं नारी ; सुरक्षा,सम्मान व स्वावलंबन के लिए मानव श्रृंखला आयोजित

**रतलाम।**

सेवा भारती तथा महिला एवं बाल विकास के संयुक्त समन्वय से राष्ट्रीय पोषण माह एवं मिशन शक्ति की 100 दिवसीय कार्ययोजना अनुरूप जन जागरूकता हेतु रविवार को महाराजा सज्जन सिंह जी की प्रतिमा स्थल पर विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। आयोजन में जिला कार्यक्रम एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी रजनीश सिन्हा द्वारा पोषण के 05 सूत्र,100 सुनहरे दिवस,संतुलित आहार,सही पोषण व मिशन शक्ति अंतर्गत हब के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। सेवा भारती के विभाग सेवा प्रमुख गजेंद्र द्वारा सुपोषण जागरूकता अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। सेवा भारती के जिला सर संघ संचालक सुरेन्द्र सुरेका द्वारा सुपोषण अवधारणा को समझाया गया।



जागरूकता अभियान व सेवा भारती के जिले में किए जा रहे है सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। सेवा भारती रतलाम के अध्यक्ष अनुज छाजेड द्वारा शहर में किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए पोषण के महत्व को बताया गया।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रोमा शर्मा द्वारा किशोरी व गर्भवती हेतु उपलब्ध संसाधनों से बैलेंस डाइट की मंचीय कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित समस्त गणमान्य नागरिकों,श्रमिकों,सेवा भारती रतलाम के सदस्यों,महिला एवं बाल विकास की टीम,लायंस क्लब सदस्यों,रोटरी क्लब सदस्यों द्वारा महाराजा सज्जन सिंहजी की प्रतिमा स्थल से फूड चौपाटी तक पोषण जागरूकता,सही पोषण,मिशन शक्ति व नारी सशक्तिकरण का संदेश लिखे बैनर/फ्लैक्स हाथ में लेकर जागरूकता का संदेश के साथ विशाल मानव श्रंखला बनाई गई। उक्त कार्यक्रम में रतलाम पब्लिक स्कूल संचालक श्रीमती संयोगिता सिंह,सहायक संचालक मबावि सुश्री अंकिता पंड्या,श्री महेंद्र बोथरा,श्रीमती वीणा छाजेड,नितिन फलोदिया,अभिनव बरमेचा,स्वतंत्र पाटनी,आशा दुबे,परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहौर,श्रीमती सुशीला व्यास,पर्यवेक्षक श्रीमती मालती शर्मा,श्रीमती ज्योति सोनी,सुश्री हेमलता गहलोत,सुश्री उषा लिंबोदिया,ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रवीना जाट,श्री सुमित अंबेकर व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मोहित कसेरा ने तथा पंकज भाटी द्वारा गीत प्रस्तुतिकरण तथा मनीष सोनी ने अतिथि परिचय दिया व पवन कसेरा ने आभार प्रदर्शन किया।

# मंडल के विभिन्नौ खाद्य यूनिटों की स्वच्छता का गहन निरीक्षण

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक सक्रिय रूप से स्वच्छता ही सेवा 2024 %अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 29 सितम्बर, 2024 को रेलवे परिसर में स्थित बेस किचन, रेस्टोरेंट, फुड स्टॉल एवं फुड ट्रॉलियों की साफ-सफाई के रूप में मनाया गया । इस अभियान के अंतर्गत कई जागरूकता और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ÷स्वच्छता ही सेवा÷ कैंपेन के अंतर्गत स्वच्छ फूड इनिशिएटिव के तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर फूड स्टॉल्स, कैंटीन और ट्रेनों में पैंट्री कार आदि का निरीक्षण किया गया।



उपरोक्त जानकारी देते हुए जनसमपर्क अधिकारी खेमराज मिणा ने बताया कि स्वास्थ्य निरीक्षकों तथा वाणिज्य निरीक्षकों द्वारा रतलाम, उज्जैन, इंदौर, नीमच, मंदसौर, फतेहाबाद चंद्राबतिगंज, नागदा, चित्तौड़गढ़, दाहोद सहित अन्य स्टेशनों पर स्थित केटरिंग स्टॉल एवं ट्रेनों में स्थित पैंट्री कार की स्वच्छता का निरीक्षण किया गया तथा यात्रियों, वेंडर्स और रेल कर्मियों को स्वच्छ फूड एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई ।

सहायक स्वासथ्य अधिकारी द्वारा मंडल रेल चिकित्सालय रतलाम स्थित किचन का निरीक्षण कर स्वच्छता की जांच की गई तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्व्च्छता हेतु एफएसएसएआई( फुड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा जारी निर्देशों के बारे में बताया गया।

कोचिंग डिपो इंदौर में गाड़ी संख्या 22911 इंदौर हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस के प्राइमरी अनुरक्षण के दौरान पैंट्रीकार का निरीक्षण कर उसकी गहन सफाई करवाई गई ।

# महिला से चेन झपटने वाला दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**रतलाम।** करीब एक माह पूर्व शहर प्रतापनगर ब्रिज पर हुई मंगलसूत्र झपटने की वारदात में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी स्टेशन रोड पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने महिला के गले से झपटे गए डेढ़ लाख रु मूल्य के मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। इस वारदात के एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार विगत 29 अगस्त 24 को प्रतापनगर निवासी शिवानी पति रजनीश तिवारी प्रतापनगर ब्रीज से जा रही थी कि उसी समय होंडा एक्टिवा से आया एक अज्ञात व्यक्ति उनके गले का सोने का मंगलसुत्र झपटकर छीनकर भाग गया था। रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 1079/2024 धारा 304 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने 10 सितम्बर को आरोपी गोविन्दा उर्फ कल्लु कुमार पिता अशवंत कुमार पासवान उम्र 23 वर्ष निवासी रंगतालाब नई बस्ती गली क्रमांक 03 कोटा थाना रेल्वे कालोनी कोटा राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया था।



## कहर बरपाती लक्ष्मी मांचू

लक्ष्मी मांचू को अपने पेशेवर करियर की शुरुआत से लेकर अब तक, हमने उन्हें हमेशा अपने फैशन गेम को सूक्ष्म, उत्तम दर्जे का और आसान रखते हुए देखा है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, यह उनका सबसे बड़ा आकर्षण है। जब भी हम उसे सजाते हुए देखते हैं तो वह अपने स्टाइल गेम में जो चतुराई और उत्साह लाती है, वह आंखों के लिए एक दावत है और ठीक है, अगर आप एक बार फिर उसके सोशल मीडिया हैंडल को बारीकी से देखते हैं, तो आप बिल्कुल वैसा ही महसूस करेंगे। उन्होंने एक शानदार काले और सुनहरे रंग की पोशाक पहने हुए अपनी मनमोहक और आकर्षक तस्वीरें साझा कीं, जो उनके पसंदीदा संयोजनों में से एक है।



## ज़रीन ने रोहित शेट्टी के साथ काम करने की इच्छा जताई!

अभिनेत्री ज़रीन खान ने जब भी स्क्रीन पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, सुर्खियां बटोरी हैं। उनके फैंस बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि वे कब अपनी अगली फ़िल्म की घोषणा करेंगी। फैंस की उत्सुकता के बीच, ज़रीन ने कहा है कि वे निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ मिलकर कोई फिल्म बनाना चाहती हैं। कॉमेडी, एक्शन और ड्रामा को एक साथ मिलाने की उनकी क्षमता की प्रशंसा करते हुए, ज़रीन ने कहा कि वे गोलमाल या चेन्नई एक्सप्रेस जैसी कोई फ़िल्म करने के लिए उत्सुक हैं, जिसे उन्होंने सिनेमाघरों में देखने का भरपूर आनंद लिया।

## लावण्या से रिश्ता तोड़ देता है रजत

बादल पे पांव हैं में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि बानी अपने पति रजत की पूर्व मित्र लावण्या से भिड़ जाती है। दूसरी ओर, लावण्या किसी भी कीमत पर रजत को वापस पाने की कसम खा लेती है।रजत और लावण्या को लेकर बानी की उलझन आखिरकार दूर हो जाएगी, क्योंकि रजत लावण्या को ठुकरा देता है और बानी यह सब वह सुन लेती है। बानी को इस बात से राहत मिलती है कि रजत के मन में अब लावण्या के लिए कोई भावना नहीं है, । जैसे ही लावण्या आखिरकार बानी और रजत की जिंदगी से बाहर निकलती है, जोड़े के लिए चीजें आशाजनक लगने लगती हैं। रजत बानी का विश्वास फिर से हासिल करने और अपने रिश्ते को फिर से पटरी पर लाने के लिए



## कनिका , हेली , डेज़ी शाह, टीना दत्ता हंगामा डिजिटल मीडिया की सक्सेस पार्टी में हुए शामिल



हंगामा डिजिटल मीडिया ने एक शानदार पार्टी में अपनी स्ट्रीमिंग सेवा 'हंगामा ओटीटी' की सफलता का जश्न मनाया। इस पार्टी में डेज़ी शाह, कनिका मान, हेली शाह, टीना दत्ता, न्यारा बनर्जी, अली गोनी, युक्ति कपूर, क्रिस्नन बैरेटो, रोहन मेहरा, करण शर्मा, आभास मेहता, मोनालिसा, शिल्पा तुलस्कर, हिमांशु मल्होत्रा, शालीन, रोहित खंडेलवाल, सनम जौहर और अबीगैल के साथ एंटरटेन्मेंट जगत की कई हस्तियां शामिल हुई। इस पार्टी में आने वाले हफ्तों में रिलीज की जाने वाले रोमांचक वेब सीरीज के नाम भी सामने आए।हंगामा ओटीटी कई तरह के ऑरिजनल शो, फिल्म और म्यूजिक के जरिए अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और उन तक बढ़िया कॉन्टेंट पहुंचा रहा है।

## धीरज धूपर ने सीरत कपूर के साथ चलाया जादू



शो 'रब से है दुआ' में दर्शकों का दिल जीत रहे धीरज धूपर ने हाल ही में इस शो के एक शादी वाले सीन से अपने लुक की एक झलक दिखाई जिसे देखकर फैंस भी वाह कह उठे। पूरे लाल रंग के पहनावे में सजकर धीरज ने प्यार और परंपरा के इस रंग को अपनाया, जो भारतीय शादियों का प्रतीक माना जाता है। उनकी लाल शेरवानी लाल चूड़ीदार और मेल खाती मोजरी भारतीय शादियों से बखूबी मेल खा रही थी, जिसमें लाल रंग को सांस्कृतिक महत्व का रंग माना जाता है।इस सीक्वेंस में जहां सुभान, मन्नत (सीरत कपूर) से शादी करने जा रहा है, वहीं दोनों कलाकार आपसी तालमेल वाले लाल आउटफिट्स में नजर आ रहे हैं। दोनों ने बड़ी खूबसूरती से लाल रंग अपनाया है जो शादी जैसे पवित्र समारोहों में सदियों से पहना जा रहे इस रंग की खासियत बयां करते हैं।



## दुबई में सम्मानित होंगी ज़ारा खान .!

फ़िल्म अभिनेत्री सह समाजसेविका ज़ारा खान को दुबई में सम्मानित किया जाएगा । ज़ारा खान फ़िल्म जगत में अपनी खूबसूरत अदाकारी के लिए जानी जाती हैं । मूलतः ग्वालियर मध्य प्रदेश की निवासी ज़रा हिंदी, तमिल ,तेलुगु और मराठी सहित कई भाषाओं में अपनी बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं । उनकी फिल्मों में वे अपने शसक्त अभिनय के लिए जानी जाती रही हैं ।



## राजवीर केयरिंग पति के किरदार में

शो %10-29 की आखिरी दस्तक% में सख्त पुलिस अफसर अभिमन्यु सिन्हा की भूमिका निभाने वाले राजवीर सिंह ने पर्दे पर एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अभिमन्यु की प्रीति से शादी के बाद, राजवीर का रोल एक सख्त पुलिस वाले से एक केयरिंग और घर संभालने वाले पति के अवतार में नज़र आने वाला है।इस शो के नए अध्याय में दर्शक अभिमन्यु को घरेलू जीवन को अपनाते हुए देखेंगे, जहां वह अपनी केयरिंग प्रवृत्ति को दिखाएंगे और प्रीति के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत करेंगे। यह बदलाव शो में एक नई ताजगी लाता है, जो शक्ति और संवेदनशीलता के बीच संतुलन को उजागर करता है।



## शमा सिकंदर का ऑल–पिंक अवतार

शमा सिकंदर का व्यक्तित्व जीवंत है। उनका बोल्ड और सुंदर ऑल-पिंक अवतार दिलों पर छुरा घोंप रहा है और हम उनकी सुंदरता से अपनी नज़रें नहीं हटा सकते। हालाँकि, यह केवल उसकी सुंदरता नहीं है जिसकी हमें यहाँ के लोगों को प्रशंसा करने की आवश्यकता है। वास्तव में सीखने के लिए भी कुछ है। काम के मोर्चे पर, अभिनेत्री की कुछ दिलचस्प फिल्में आ रही हैं।

## न्योलीवाला ने पेश किया रूसी बंदाना



हरियाणवी हिट-निर्माता ढांडा न्योलीवाला ने रूसी बंदना लॉन्च किया है - एक उग्र ध्वनि विस्फोट जो आपके होश उड़ा देगा। यह ट्रैक अनफ़िल्टर्ड ऐश्वर्य का परम गान है, जहाँ अप्राप्य गुंडागर्दी का अप्रत्याशित दिल से मिलन होता है। ढांडा में वह ऊर्जा है जिसका हम विरोध नहीं कर सकते, और यह गाना कच्ची शक्ति और संक्रामक वाइब्स का एकदम सही मिश्रण है। मनमोहक गीतों के साथ, जो एक शानदार जीवनशैली की गहराई में उतरते हैं और जोरदार धुनें हैं, यह एक धमाकेदार गीत है जिसे आप नहीं भूलेंगे। अपनी अच्छाई के प्रति सच्चे रहते हुए विलासिता के जंगली पक्ष को प्रदर्शित करने वाली कहानी के साथ आकर्षक आकर्षण जोड़ने की ढांडा की क्षमता इस ट्रैक को एक उत्कृष्ट कृति बनाती है।



## रेड कार्पेट पर स्टार्स ने की शानदार एंट्री!

स्टार परिवार अवॉर्ड्स 2024 दौरान रेड कार्पेट पर एक शानदार और शानदार नजारा देखने को मिला। स्टार परिवार अवॉर्ड्स 2024 के रेड कार्पेट पर कई मशहूर सेलेब्स ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, जिसमें राजन शाही, रूपाली गांगुली, गौरव खन्ना, समृद्धि शुक्ला, रोहित पुरोहित, भाविका शर्मा, हितेश भारद्वाज, अंकित रायजादा, रुतुजा बागवे, अंकित गुप्ता, श्रीतमा मित्रा, हिबा नवाब, क्रुशाल आहूजा, सोनाक्षी बत्रा, फहमान खान, अक्षित सुखीजा, अदिति त्रिपाठी, और विजयेंद्र कुमेरिया- और कई दूसरे पॉपुलर टेलीविजन सेलेब्स को देखा गया। हर साल की तरह इस साल भी सचिन और साइली की शादी पर आधारित एक खूबसूरत थीम रखी गई थी, जो इस इवेंट का मुख्य आकर्षण था! सभी स्टार परिवार को दो टीमों में बाटा किया गया था, टीम दूल्हा और टीम दुल्हन। हमारे सभी पसंदीदा स्टार परिवार के स्टार्स को एक ही स्टेज पर देखना एक खास अनुभव था!

# आध्यात्मिक सशक्तिकरण से समाज बनेगा स्वस्थ और खुशहाल- चार दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का समापन



## स्वस्थ और खुशहाल समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण-मीडिया की भूमिका विषय पर हुआ सम्मेलन



**आबू रोड (राष्ट्रीय जनभावना)।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के मीडिया विंग द्वारा मुख्यालय शांतिवन के आनंद सरोवर परिसर में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का समापन हो गया। चार दिन चले सम्मेलन में देशभर से आए मीडिया गुरु, पत्रकार, संपादकों ने मंथन-चिंतन कर निष्कर्ष निकाला कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण के बिना समाज स्वस्थ और खुशहाल नहीं बन सकता है। मीडिया आगे आकर अपना दायित्व निभाए। स्वस्थ और खुशहाल समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण-मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित सम्मेलन में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, सोशल मीडिया, जनसंपर्क से जुड़े एक हजार से अधिक पत्रकार, संपादक, ब्यूरो चीफ ने भाग लिया। इसमें 13 अलग-अलग सत्रों में उपरोक्त विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं पांच राजयोग ध्यान सत्र आयोजित किए गए। समापन सत्र में आंध्रप्रदेश के बापतला से सांसद केपी टेनेटी ने कहा कि मीडियाकर्मी कई बार चाहते हैं कि वह दिल से लिखें, समाज के सामने सच्चाई पेश करें लेकिन कई तरह के दबावों के चलते कई बार उस सच्चाई को बयां नहीं कर पाते हैं। लेकिन मीडिया को ऐसी खबरों को बढ़ावा देना होगा जिससे समाज में खुशहाली आई। समाज में अहिंसा का माहौल बने। अहिंसा का संदेश जाए। हर एक पेशे में चुनौतियां रहती हैं और रहेंगी लेकिन हमें इनके बीच ही समाज को आगे ले जाने के लिए सोचना होगा। सकारात्मकता को बढ़ावा देना होगा। हर कोई खुशी और आनंद चाहता है। हम सभी की इच्छा जीवन को आनंद से जीने की होती है।

### स्व परिवर्तन ही विश्व परिवर्तन का आधार है

संस्थान के कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर तनाव का माहौल है। ऐसे में मीडिया पर ही सभी की आशाभरी नजरें हैं। हम सभी परमात्मा की संतान हैं। दुनिया विश्व बदलाव के दौर से गुजर रही है। परमात्मा का यही संदेश है कि मेरे बच्चों आप महान आत्मा, दिव्य आत्मा, पवित्र आत्मा हो। अपने स्वरूप को पहचानो और मुझे निरंतर याद करो। स्व परिवर्तन ही विश्व परिवर्तन का आधार है। दिल्ली की कम्यूनिकेशन कसल्टेंट एवं इवेंट मैनेजर प्रियदर्शिनी नरेंद्र ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान पत्रकारों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए बहुत ही अच्छी पहल कर रहा है। यहां आकर हम मानसिक ए?व शारीरिक रूप से ऊर्जा से भरपूर हो जाते हैं। आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ पत्रकारों के लिए जीवन में अध्यात्म का समावेश करना जरूरी है। इंदौर से आए रेडियो सरगम के निदेशक बीके आशीष गुप्ता ने कहा कि पत्रकार समाज का सबसे बुद्धजीवी वर्ग होता है, जिसे न तो कोई ज्ञान दे सकता है और न ही कोई बदल सकता है। लेकिन पत्रकार को जब उसकी आंतरिक चेतना को परमात्म चेतना के साथ जोड़ा जाए तो पत्रकार को भी बदला जा सकता है। हम उस महान पेशे से आते हैं जिसने देश और दुनिया का दृष्टिकोण बदला है। हमारे ऊपर बाजारवाद, मार्केटिंग हावी न हो, इसलिए हमें दिल से लिखना है। पत्रकारिता का इतिहास गौरवशाली रहा है। आजादी की लड़ाई में पत्रकारों ने अपनी कलम से देश को जागृत किया था तो आज तो हमारे पास अनेक संसाधन हैं। ईश्वर की शक्ति जब मदद करती है तो असंभव को संभव बना देती है। ग्वालियर से आए आईटीएम यूनिवर्सिटी के जेएमसी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. मनीष जैसल ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें सूचनाओं की बाढ़ से बाहर निकलकर इकोफ्रेंडली बनना होगा। सोशल मीडिया, खबरों की दुनिया से रोजाना कुछ समय दूर रहकर अपने लिए, स्वयं के लिए देना होगा।

### झूठी सूचनाओं और अभद्र भाषा के प्रयोग का रोकना होगा

हैदराबाद की राष्ट्रीय संयोजिका बीके सरला आनंद ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ का मीडिया विंग यूनेस्को की कार्ययोजना के साथ मिलकर ऐसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नियंत्रित करेगा, जिन्होंने सामाजिक सामंजस्य, शांति और स्थिरता के लिए बड़े जोखिम पैदा करते हुए झूठी सूचनाओं और अभद्र भाषा के प्रसार को बढ़ाया है। साथ ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा भी की है। दिल्ली मंडावली की जोनल संयोजिका बीके सुनीता दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से शांति की गहन अनुभूति कराई। अजमेर के योग आचार्य हेमंत आर्य ने गीत प्रस्तुत किया। आगरा के जोनल संयोजक बीके अमरचंद भाई ने स्वागत भाषण दिया। आभार मोहाली के जोनल संयोजक बीके कर्मचंद भाई ने व्यक्त किया। संचालन अजमेर की जोनल संयोजिका बीके योगिनी बहन ने किया। राष्ट्रीय संयोजक बीके शांतानु ने सभी अतिथियों को स्मृति चिंह भेंटकर सम्मानित किया।





प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com